


# पुष्पांजली टुडे

नई सोच, नई पहल

■ ग्वालियर ■ वर्ष : 4 ■ अंक : 308

ग्वालियर, शनिवार, 01 जनवरी, 2022

■ पृष्ठ 8 ■ मूल्य : 2 रु.




## खास खबर

### चेन्नई में भारी बारिश से जनजीवन अस्त-व्यस्त, करंट लगने से एक बच्चे दो दो महिलाओं की मौत

**चेन्नई।** चेन्नई और इसके आसपास के क्षेत्रों में गुरुवार को भारी बारिश हुई, जिससे सड़कों और सब-वे में पानी भर गया तथा बारिश-संबंधी घटनाओं में तीन लोगों की मौत हो गई। राजस्व एवं आपदा प्रबंधन मंत्री एस रामचंद्रन ने बताया कि इस दौरान चेन्नई में बिजली करंट लगने से दो महिलाओं और एक बच्चे की मौत हो गई। बारिश ने पिछले माह भारी बारिश के बाद नजर आए दृश्यों को दोहरा दिया, जब जलभराव के चलते यातायात बुरी तरह प्रभावित हुआ और वाहन चालक पानी में फंसे वाहनों को खींचते दिखे थे। इस बीच, पुलिस ने कहा जलभराव के कारण तीन सब-वे बंद करने पड़े और शहर में करीब 14 स्थानों पर वाहन रेंगते नजर आए। मेट्रो रेल अधिकारियों ने कहा मेट्रो रेल सेवा को एक घंटा अतिरिक्त बढ़ा दिया गया, ताकि यात्री आसानी से अपने गंतव्य तक पहुंच सकें।

### सोनीपत की 4 फैक्ट्रियों लगी भीषण आग

**सोनीपत।** हरियाणा के सोनीपत में 4 फैक्ट्रियों में भीषण आग लगने से हड़कंप मच गया है। आग की वजह से यहां पर मौजूद मशीनें तक पिघल गई हैं, जबकि यहां पर बने मजबूत टीन शेड आग पर काबू पाने में समस्या बने हुए हैं। वहीं, आग की भयावहता का अंदाजा इस बात से लगाया जा सकता कि इनमें मौजूद कुछ मजदूरों ने छत से कूदकर किसी तरह अपनी जान बचाई। मिली जानकारी के मुताबिक, सोनीपत के राई इलाके में बृहस्पतिवार रात को राई औद्योगिक क्षेत्र की 4 फैक्टरियों में आग से लग गई है। बताया जा रहा है कि पहले आग एक फैक्टरी में लगी फिर इसने आसपास की 3 अन्य फैक्टरियों को भी अपनी चपेट में ले लिया। सूचना पर सोनीपत, कुंडली, राई, गनौर, खरखोदा, पानीपत व अन्य क्षेत्रों से पहुंचीं दमकल की गाड़ियां आग पर काबू पाने में जुटी हुई हैं। अब तक आग पर पूरी तरह से काबू नहीं पाया जा सका है। स्थानीय लोगों ने बताया कि चारों फैक्ट्रियों में आग लगने के बाद चारों तरफ धुआं भर गया। कुछ देर बाद आग की लपटें कई किलीमीटर तक दिखाई देने लगीं। इस बीच इन फैक्ट्रियों में मौजूद मजदूरों ने किसी तरह भाग कर अपनी जान बचाई। कुछ मजदूरों ने छत कूदकर खुद को बचाया। छत से कूदने से कई मजदूर घायल हो गए, फिलहाल घायल मजदूरों की संख्या 2 बताई जा रही है। जानकारी के मुताबिक, चारों फैक्ट्रियों में गत्ता व अन्य सामान बनता है। आग इतनी भीषण थी कि यहां पर मौजूद लोहे और अन्य धातुओं से बनी मशीनें भी घिल गई। दमकल कर्मियों की मानें तो इन फैक्ट्रियों में बने मजबूत टीन के शैड की वजह से आग बुझाने में दिक्कत आ रही है।

### लौट आई सनी और अमीषा की गदर फिल्म

**मुंबई ।** बॉलीवुड एक्टर सनी देओल और अमीषा पटेल की फिल्म गदर आज भी दर्शकों की पसंदीदा लिस्ट में शामिल है। आज भी दर्शक इस फिल्म को उतने ही उत्साह से देखते हैं। खास बात यह है कि फिल्म का बजट 19 करोड़ था वहीं इस फिल्म की कमाई 133 करोड़ रुपये रही थी। फैंस के इसी प्यार को देखते हुए अब यह फिल्म वापस लौट रही है यानी की आपकी सकीना और तारा सिंह एक बार उसी स्टोरी को नए अंदाज में लेकर आ रहे हैं। इसी बीच दोनों का बच्चा चरणजीत यानी कि उत्कर्ष शर्मा भी जमकर सुर्खियां बटोर रहे हैं।गदर फिल्म में सनी देओल और अमीषा पटेल के बेटे के किरदार में नजर आने वाले चरणजीत सिंह उर्फ उत्कर्ष शर्मा गदर 2 के दोबारा शूटिंग शुरू होने के बाद ज्यादा लाइमलाइट में आए हैं। उत्कर्ष की कई तस्वीरें सोशल मीडिया पर धमाल मचा रही हैं। इन तस्वीरों में देखा जा सकता है कि उत्कर्ष 6 पैक एब्स में नजर आ रहे हैं तो कभी वे पोज देते हुए नजर आ रहे हैं। बता दें कि उत्कर्ष शर्मा ने गदर फिल्म से अपने करियर की शुरुआत की। इसके बाद वे अब तुम्हारे हवाले वतन साथियों, अपने, प्रपोज, स्टिल लाइफ और जीनियस में भी नजर आए थे। वहीं बता दें कि खबरें आ रही हैं कि गदर 2 में भी उत्कर्ष शर्मा नजर आएंगे। फिलहाल तो फैंस को अब इस फिल्म के रिलीज का बेसब्री से इंतजार है। बता दें ?कि बालीवुड सिनेमा में इन दिनों नई फिल्में लगातार रिलीज हो रही हैं, लेकिन वहीं पुरानी फिल्मों का भी क्रेज लोगों में दिखाई दे रहा है।

### अशरफ गनी बोले, काबुल छोड़ने के सिवा कोई और चारा नहीं था

**नई दिल्ली।** काबुल से भागने वाले अफगानिस्तान के राष्ट्रपति रहे अशरफ गनी ने कहा है कि काबुल छोड़ने का फैसला उन्होंने मिनटों में लिया था। उन्होंने यह बात उन्होंने बीबीसी रेडियो 4 से कही है। गनी ने कहा कि 15 अगस्त को जब इस्लामी अतिवादियों ने काबुल पर कब्जा कर लिया और मेरी सरकार गिर गई। मुझे इसका आभास तक नहीं था कि अफगानिस्तान में यह मेरा आखिरी दिन होने वाला है।

# कर्नाटक में शहरी स्थानीय निकाय चुनाव में कांग्रेस की जबरदस्त जीत, राहुल-प्रियंका ने दी बधाई

**नई दिल्ली।** कर्नाटक में शहरी निकाय चुनाव में कांग्रेस को जबरदस्त जीत हासिल हुई है। भाजपा को पीछे छोड़ते हुए कांग्रेस ने 1184 सीटों में से 498 सीटों पर कब्जा जमा लिया। इस जीत के बाद कांग्रेस पार्टी एक सबसे बड़ी पार्टी बनकर उभरी है।

शहरी निकाय चुनाव में 58 शहरी निकायों के 1184 वार्डों में आयोजित किए गए थे। शहरी निकाय कांग्रेस ने 498 सीटें जीती वहीं भाजपा ने 437, जनता दल (सेक्यूलर) ने 45 और अन्य के खाते में 204 सीटें जीती। पार्टी की शानदार जीत के बाद कांग्रेस ने कता राहुल गांधी ने पार्टी के सभी लोगों को बधाई दी और ट्वीट किया, वेल डन, टीम कांग्रेस। वहीं महासचिव प्रियंका गांधी ने भी कर्नाटक इकाई को बधाई देते हुए पार्टी के सभी नेताओ और कार्यकर्ताओं को बधाई दी है।





जानकारी के लिए बता दें कि कांग्रेस को टाउन म्युनिसिपल काउंसिल में सबसे ज्यादा सीटें हासिल हुई हैं। टाउन म्युनिसिपल काउंसिल के 441 वार्डों में कांग्रेस पार्टी को 201 सीटें मिली, तो वहीं भाजपा को 176 और जेडीएस को 21 सीटें मिली हैं। भाजपा पार्टी को सिटी म्युनिसिपल काउंसिल में सार्वधिक सीटें हासिल मिली। कांग्रेस पार्टी को नगर निगम परिषद के 166 वार्डों में कांग्रेस को 61 सीटें मिली वहीं भाजपा को 67, जेडीएस को 12 और अन्य को 26 सीटें मिली। इस जीत में कर्नाटक कांग्रेस अध्यक्ष डीके शिवकुमार ने पार्टी के नेताओं, जमीनी कार्यकर्ताओं और राज्य के लोगों को धन्यवाद दिया। उन्होंने कहा यह जीत कांग्रेस की लोकप्रियता को दर्शाती है। डीके शिवकुमार ने एक ट्वीट किया-हाल के समय में चुनाव परिणाम राज्य में कांग्रेस की लहर की ओर इशारा करते हैं. शहरी स्थानीय निकाय चुनाव परिणाम इसकी पुष्टि करते हैं। निस्संदेह कांग्रेस 2023 विधानसभा चुनाव जीतेगी। मैं अपने वोटरों को उनके भारी समर्थन के लिए धन्यवाद देता हूं।

### प्रियंका गांधी ने अमेठी में पिटाई की शिकार लड़की से फोन पर की बात

**अमेठी।** कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी ने अमेठी की पीड़िता किशोरी से फोन पर बात की और कहा कि मैं तुम्हारे साथ हूं और दोषियों को सजा दिलवाने के लिए पुरजोर तरीके से लड़ाई लड़ूंगी। दलित बच्ची को पीटने का वीडियो वायरल होने के बाद उन्होंने प्रशासन को चेतावनी दी कि आरोपियों को 24 घंटे में पकड़िए, वरना बड़ा आंदोलन होगा। दूसरी ओर, अमेठी में पार्टी ने प्रदेश अध्यक्ष के नेतृत्व में विरोध प्रदर्शन कर लड़की को सुरक्षा देने व फास्ट ट्रैक कोर्ट में मुकदमा चलाकर आरोपियों को कड़ी से कड़ी सजा देने की मांग की। इससे पहले दलित किशोरी को न्याय दिलाने के लिए जन आक्रोश मार्च में शामिल होने आए कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष अजय सिंह लल्लू को जब पुलिस ने रोका तो वह धरने पर बैठ गए। जिसके बाद उन्हें गिरफ्तार कर लिया गया। फिर बाद में लल्लू को एक प्रतिनिधिमंडल के साथ पीड़िता से मिलने के लिए अनुमति दी गई।

### विस चुनाव से पूर्व सीएम योगी ने किसानों दी सौगात



**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश में विधानसभा चुनाव को लेकर भाजपा योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में फ्रंट फुट पर खेल रही है। सत्तारूढ़ भाजपा लगातार जनता को अपने पक्ष में करने की कोशिश में है। माना जा रहा है कि किसान आंदोलन की वजह से भाजपा को बड़ा नुकसान हो सकता है। हालांकि, भाजपा अखिलेश यादव कड़ी चुनौती देते हुए नजर आ रहे हैं। राजनीतिक विश्लेषक के दावा कर रहे हैं कि किसान आंदोलन की वजह से पश्चिमी उत्तर प्रदेश में भाजपा को बड़ा नुकसान उठाना पड़ सकता है। हालांकि सरकार की ओर से यह भी कहा जा रहा है कि जितना भाजपा ने किसानों के लिए काम किया है उतना कोई सरकार अब तक नहीं कर पाई है। खबर यह है कि योगी सरकार ने चुनाव से पहले किसानों के लिए कुछ ऐसा किया है जिसकी वजह से आने वाले विधानसभा चुनाव में भाजपा को बहुत बड़ा फायदा पहुंच सकता है। जानकारी के मुताबिक उत्तर प्रदेश में गन्ना किसानों का बकाया राशि एक बड़ा मुद्दा रहता है। इन गन्ना किसानों को समय पर पैसा नहीं मिल पाता है जिसकी वजह से इनमें सरकार के प्रति नाराजगी रहती है। लेकिन योगी सरकार ने गन्ना फसल के किसानों को 1.51 लाख करोड़ रुपए भुगतान कर दिया गया है। दावा किया जा रहा है कि आने वाले विधानसभा चुनाव को देखते हुए भाजपा को इससे बड़ा लाभ हो सकता है। इतनी बड़ी राशि किसानों तक पहुंच रही है जिससे कि उनकी समृद्धि बढ़ेगी। इसके बाद भाजपा को इस बात की उम्मीद है कि किसानों से जुड़ी हुई बड़ी आबादी अब उसके पक्ष में वोट डालेंगे। दूसरी ओर किसानों में भी खुशी की लहर है। उत्तर प्रदेश में सबसे ज्यादा गन्ना किसान पश्चिमी क्षेत्र में है। ऐसे में भाजपा ने सीधे उन्हें अपने पक्ष में करने की कोशिश की है।

### अखिलेश ने पम्पी के ठिकानों पर छापेमारी को बताया दुर्भावना में की गई कार्रवाई

**कन्नौज।** समाजवादी पार्टी (सपा) के एमएलसी पुष्?पराज जैन पम्?पी के ठिकानों पर छापेमारी के बाद पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने कन्नौज पार्टी ऑफिस में प्रेस कॉफ्रेंस की। इस दौरान अखिलेश यादव ने भाजपा की जमकर आलोचना की। उन्होंने कहा जब भाजपा की डिजिटल टीम समाजवादी इत्र बनाने वाले की सही पहचान नहीं कर पाई और गलती से अपने ही समर्थक पीयूष जैन के घर पर छापा मार दिया। अब सच बाहर आ गया है। उन्होंने कहा पीयूष जैन के यहां छापामारी के दौरान सपा को बदनाम करने की कोशिश की गई। हिटलर के जमाने में उनके यहां सिर्फ एक प्रोपेगेंडा मिनिस्टर था। यहां पूरी की पूरी प्रोपेगेंडा पार्टी है। अखिलेश ने कहा कि इस छापे से भाजपा की बौखलाहट और उसका डर साफ दिख रहा है। भाजपा जा रही है। वह दिल्ली से एजेंसियां लाती है। कन्नौज का इत्र पूरी दुनिया में मशहूर है। भाजपा का फूल कागज का फूल है। उसमें खुशबू नहीं आ सकती। भाजपा का फूल झूठ का फूल है। उन्होंने कहा कि नफरत की दुर्गंध फैलाने वाले भाजपा के लोग, सौहार्द की सुगंध को कैसे पसंद करेंगे। उन्होंने कहा यह समाजवादी इत्र बनाने वाले पुष्पराज जैन को ढूंढने गए थे और उन्होंने अपने ही साथी पीयूष जैन को ढूंढ निकाला।



### सिद्धू के पंजाब चीफ बनने के बाद नेताओं के कांग्रेस छोड़ना जारी

**अमृतसर।** नवजोत सिंह सिद्धू की तरफ से पंजाब कांग्रेस प्रधान का पद संभालने के बाद नेताओं के पार्टी छोड़ना जारी है। कैप्टन अमरिन्दर सिंह के बाद पार्टी के तीन विधायकों ने कांग्रेस को अलविदा कह दिया है। अब सीनियर कांग्रेसी नेता और हलका मजीठा से तीन बार चुनाव लड़ चुके सुखजिंदर राज सिंह लाली ने पनग्रेन के चेयरमैन के पद से इस्तीफा दे दिया है। हालांकि लाली ने अभी तक पार्टी नहीं छोड़ी है। पत्रकारों को जानकारी देते हुए लाली मजीठिया ने अपना इस्तीफा देने का कारण पार्टी में चल रहे आपसी क्लेश और पांच सालों दौरान उनकी उपेक्षा की गई है। इसके साथ ही सुखजिंदर राज लाली मजीठिया ने कहा कि वह मजीठा हलके में अपने वर्करों के साथ बातचीत करेंगे अगर उनके वर्कर चाहेंगे कि वह एक बार फिर से आजाद उम्मीदवार के तौर पर चुनाव लड़ें तो वह जरूर लड़ेंगे। गौरतलब है कि सुखजिंदर राज लाली ने साल 2007 में कांग्रेस की टिकट पर विधानसभा हलका मजीठा से चुनाव लड़ा था और 2012 में कांग्रेस ने उनकी टिकट काट दी थी।



# सीएम के करीबी दिलीप बिल्डकॉन पर सीबीआई छापा


**भोपाल।** नेशनल हाइवे के एक बड़े प्रोजेक्ट को रिश्वत देने के आरोप के बाद प्रदेश के बड़े कारोबारी और मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान के करीबी दिलीप सूर्यवंशी के ठिकानों पर सीबीआई ने छापा मारा है। सीबीआई की दिल्ली टीम कार्रवाई कर रही है। इस छापे से भोपाल की टीम को अलग रखा गया है। दिल्ली से आई टीम ने देर रात 2 बजे कार्रवाई शुरू की जो अब तक जारी है। दिलीप सूर्यवंशी के दफ्तर में सीबीआई की टीम दस्तावेज खंगाल रही है। चर्चा है कि कारवाई सूर्यवंशी के घर और रातीबड़ फार्म हाउस पर भी की गई है। यह कार्रवाई नेशनल हाईवे अथॉरिटी को रिश्वत देने के मामले के सामने आने के बाद की गई है। बताते हैं कि डीबीएल के पार्टनर देवेन्द्र जैन 30 लाख की घूस देते पकड़ाए थे। देवेंद्र जैन को एडीजी उपेंद्र




जैन का भाई बताया जाता है। दिलीप सूर्यवंशी की कंपनी दिलीप बिल्डकॉन देशभर में हाईवे, रेल प्रोजेक्ट से जुड़े ठेके लेती है। भोपाल रेल मेट्रो का काम यही कंपनी कर रही है।

**कंपनी पर कई बैंकों का भारी भरकम कर्जः** आईआईएफएल वेल्थ हुरुन इंडिया रिच लिस्ट इसी साल 30 सितंबर को जारी की गई थी, जिसमें दिलीप सूर्यवंशी और पार्टनर देवेंद्र जैन को दुनिया भर में 377वें स्थान पर रखा गया था। दिलीप बिल्कॉन की वेल्थ 4000 करोड़ रुपए आंका गया था। कंपनी पर कई बैंकों का भारी भरकम कर्ज बकाया है। कंपनी पर कई राष्ट्रीय बैंकों का हजारों करोड़ रुपया बकाया है।

**शेयरों में आई गिरावटः** डीबीएल के शेयरों में पिछले कुछ दिनों से गिरावट का दौर जारी है। उसके शेयर में पिछले तीन माह में 25 फीसदी की गिरावट दर्ज की गई है।

## वन-टू-वन

### रुट को कप्तान बनाये रखें : वोक्स

**लंदन।** इंग्लैंड के ऑलराउंडर क्रिस वोक्स ने कहा है कि एशेज क्रिकेट सीरीज में करारी हार के बाद भी कप्तान जो रूट को बरकरार रखा जाना चाहिये। वहीं रूट ने अब तक इस बारे में कुछ नहीं कहा है। इंग्लैंड को अब तक तीनों मैचों में हार का सामना करना पड़ा है। इस प्रकार ऑस्ट्रेलिया एशेज सीरीज में 3-0 से आगे हो गयी है। वोक्स का मानना है कि सभी खिलाड़ी रुट का समर्थन करेंगे। साथ ही कहा कि रुट एक महान क्रिकेटर हैं। उनके पास क्रिकेट को समझने का दिमाग है। मुझे लगता है कि इंग्लैंड के कप्तान के रूप में उनका रिकॉर्ड असल में बहुत अच्छा है। निश्चित रूप से मुझे लगता है कि रूट कप्तानी जारी रखेंगे। वोक्स ने कहा कि यह स्पष्ट है कि कप्तानी का उनकी बल्लेबाजी पर कोई असर नहीं पड़ रहा है। जो अक्सर कप्तानों के साथ होता है। तथ्य यह है कि वह जितने रन बना रहें हैं वह टीम के लिए बहुत अच्छा है। यह बहुत अच्छा होगा अगर हम इसमें उनकी मदद कर सकें और उनके साथ कुछ रन बना सकें। रूट एक विश्व स्तरीय खिलाड़ी है जिनका यह साल बहुत शानदार रहा है। जब कोई खिलाड़ी इस तरह से बल्लेबाजी करता है तो आप हमसे अपेक्षा करते हैं कि हम उससे कहीं अधिक मजबूत प्रदर्शन करें। रुट हालांकि कप्तान के रूप में अच्छे परिणाम देने में विफल रहे हैं। पर रूट ने इस साल अपने बल्ले से रनों का ढेर लगा दिया। रूट ने इस साल 1,708 बनाए है। कई दिग्गज खिलाड़ियों ने भी कहा है कि रुट को कप्तानी की कला नहीं आती है।

### एशियाई खेलों में करना होगा सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन : सविता

**नई दिल्ली।** भारतीय महिला हॉकी टीम की गोलकीपर सविता पूनिया ने कहा है कि उनकी टीम को अगर पेरिस ओलंपिक 2024 के लिए टिकट हासिल करना है तो उसे हर हाल में अगले साल होने वाले एशियाई खेलों में स्वर्ण पदक जीतना होगा। सविता ने कहा कि इसके लिए टीम को अपनी तैयारियां तेज करनी होंगी क्योंकि एशियाई खेलों में भी मुकाबला आसान नहीं है। इसमें सभी अन्य टीमें भी अपनी ओर से पूरी तैयारी से आयेंगी। उन्होंने कहा ,'' ओलंपिक में चौथे स्थान पर रहने के बाद पूरी दुनिया ने हमारा मनोबल बढ़ाया है पर पदक के इतने करीब पहुंचकर खाली हाथ लौटने का दर्द खिलाड़ी ही समझ सकते हैं । हम हमें अगले टूर्नामेंटों में अच्छा प्रदर्शन कर इस कमी को पूरा करना है।'' उन्होंने कहा ,'' अभी हमारा मुख्य ध्यान एशिया कप पर रहेगा जो विश्व कप क्वालीफायर भी है।उसके बाद विश्व कप और एशियाई खेल हैं।'' गौरतलब है कि भारतीय महिला टीम ने अंतिम बार साल 1982 में एशियाई खेलों में स्वर्ण पदक जीता था। सविता ने कहा कि उनकी टीम इस बार स्वर्ण जीतने के इरादे से ही उतरेगी।'' साथ ही कहा कि टीम इसके लिए अपनी पूरी ताकत लगा देगी।

### टाटा नेक्सॉन को लंबी रेंज कपैसिटी के साथ लाने की तैयारी

**नई दिल्ली।** टाटा मोटर्स कंपनी अपनी पॉप्युलर इलेक्ट्रिक कार टाटा नेक्सॉन को ज्यादा लंबी रेंज कपैसिटी के साथ बाजार में लाने की तैयारी कर रही है। टाटा नेक्सॉन इंडिया की सबसे पॉप्युलर इलेक्ट्रिक कार है और इस सेगमेंट में यह बेस्टसेलिंग है। नई नेक्सॉन 40केडब्ल्यूएच बैटरी के साथ लॉन्च की जा सकती है। कंपनी इसे मार्च 2022 में लॉन्च कर सकती है। बेहतर रेंज इस कार की सेल को बूस्ट कर सकती है। टाटा नेक्सॉन ईवी भारतीय बाजार में मौजूद वक्त में सबसे पॉप्युलर इलेक्ट्रिक एसयूवी है। कंपनी ने नई नेक्सॉन की सेल आउटगोइंग मॉडल के साथ ही करेगी। मौजूदा मॉडल 312 किमी की रेंज ऑफर करती है। नया मॉडल 400 किमी तक की रेंज सिंगल चार्ज पर देगा। इस इलेक्ट्रिक कार की लोकप्रियता का एक बड़ा कारण इसकी कीमत है। दरअसल, नेक्सॉन ईवी देश की सबसे सस्ती इलेक्ट्रिक एसयूवी है। भारतीय बाजार में इसकी शुरुआती कीमत 13.99 लाख रुपये, जो 15.99 लाख रुपये तक जाती है। इस रेंज में किसी दूसरी इलेक्ट्रिक कार का न होना कंपनी की लिए एक बड़ी बढ़त है, जिसका असर इसकी बिक्री पर भी दिखाई देता है। नेक्सॉन ईवी में परमानेंट मैगनेट एसी मोटर दिया गया है। इसमें पावर के लिए लिथियम आयन बैटरी दी गई है, जो लिक्विड कूल्ड और आईपी67 सर्टिफाइड है। यानी इसकी बैटरी वाटर और रेजिस्टेंट है। और भी आसान भाषा में कहें, तो इसकी बैटरी पर पानी और धूल दोनों का असर नहीं पड़ता है। नेक्सॉन ईवी में 30.2 केडब्ल्यूएच की बैटरी दी गई है। यह इलेक्ट्रिक कार सिंगल चार्ज पर 312 किलोमीटर का रेंज देती है। यानी, एक बार फुल चार्ज करने पर यह कार बिना रुके 312 किलोमीटर तक का सफर देती है।

### भारतीय बाजार में एमजी मार्वल को कर सकते हैं पेश

**नई दिल्ली।** इंटरनैशनल मार्केट में एमजी मोटर्स शानदार इलेक्ट्रिक कारें बेचती हैं। इनमें से एक एसयूवी सेगमेंट की एमजी मार्वल इलेक्ट्रिक एसयूवी शामिल है। आगामी समय में भारतीय बाजार में एमजी मार्वल को भी पेश किया जा सकता है। इसे यूरोपीयन एनकैप क्रैश टेस्ट में 4 स्टार सेफ्टी रेटिंग मिली है, जो कि एमजी मार्वल यूजर्स के लिए अच्छी बात है। एमजी मार्वल फिलहाल चीन के साथ ही यूरोपीय देशों में एमजी मारवेल-आर के रूप में बिकती है। मजी मार्वल आर को यूरोपीयन एनकैप में एडल्ट ऑक्यूपेंट में 80 पर्सेंट और चाइल्ड ऑक्यूपेंट में 75प्रतिशत स्कोर मिले, जिसके बाद ओवरऑल इसे 4 स्टार सेफ्टी रेटिंग मिली है। आने वाले समय में इसे भारत में भी लॉन्च किया जा सकता है और इसकी पोजिशनिंग प्रीमियम इलेक्ट्रिक एसयूवी सेगमेंट में एमजी जेडएस ईवी के ऊपर होगी। अब लोग कारों में सेफ्टी फीचर्स पर खास ध्यान देते हैं, ऐसे में माना जा रहा है कि एमजी जब अपनी नई इलेक्ट्रिक एसयूवी इंडियन मार्केट में पेश करेगी तो इससे सेफ्टी फीचर्स पर भी खूब जोर देगी। फिलहाल आपको बताते हैं कि एमजी मार्वल इलेक्ट्रिक एसयूवी में क्या कुछ है और इसकी कीमत कितनी है?

# विराट को दक्षिण अफ्रीका में सीरीज जीतने का भरोसा

**सेंचुरियन।** दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ सीरीज के पहले ही टेस्ट में जीत से उत्साहित भारतीय क्रिकेट टीम के कप्तान विराट कोहली ने कहा है कि यह टीम जीत का कोई अवसर नहीं खोती है। पहले ही टेस्ट में जिस प्रकार टीम ने शुरुआत की है उससे यह बात साबित होती है। साथ ही कहा कि अब हमारी टीम आने वाले मैचों में मेजबानों पर दबाव बनाकर सीरीज जीत के लिए उतरेगी। भारत ने दक्षिण इस मैदान पर पहली जीत हासिल कर साल 2021 का समापन किया है। कोहली ने कहा, ''दक्षिण अफ्रीका में किसी भी स्थान पर टेस्ट मैच खेलना आसान नहीं होता है और सेंचुरियन निश्चित रूप से इनमें सबसे कठिन स्थल है।''भारतीय बल्लेबाजों ने पहली पारी में अच्छा प्रदर्शन किया तो तेज गेंदबाजों ने 18 विकेट लेकर दक्षिण अफ्रीकी बल्लेबाजी को ध्वस्त किया।




कोहली ने कहा, ''हमने चार दिन में परिणाम हासिल कर लिया। यह इस बात का प्रमाण है कि आज हम ऐसी टीम बन गये हैं जो अपने मजबूत पक्षों का खुलकर प्रदर्शन करती है।'' उन्होंने कहा, ''हम मैच जीतने के लिये अवसर देख रहे थे। अब हम इसी तरह की क्रिकेट खेलते हैं और मैच में किसी भी स्तर पर मौका मिलने पर उसका पूरा लाभ उठाते हैं।'' भारतीय टीम अभी तक दक्षिण अफ्रीका में टेस्ट श्रृंखला नहीं जीती है और कोहली का मानना है भारतीय टीम के पास दूसरे टेस्ट में जीत का सिलसिला जारी रखने का अच्छा अवसर है क्योंकि अब मेजबानों पर दबाव रहेगा। कोहली ने कहा, ''यह बहुत अच्छी स्थिति है। हम विदेश में खेल रहे हैं और 1-0 से आगे है। इसलिए मेजबानों को को दूसरे टेस्ट में फिर से दबाव में लाने का हमारे पास सुनहरा मौका है।''उन्होंने कहा, '' वांडरर्स में दूसरे टेस्ट के लिए हम और ज्यादा सकारात्मक होकर जा रहे हैं।''जिस प्रकार आस्ट्रेलिया और इंग्लैंड में भारतीय टीम ने शानदार सफलता हासिल की है उसको लेकर कोहली ने कहा कि हर बार अगले मैच में टीम और अधिक आत्मविश्वास के साथ उतर रही है।

### मंधाना आईसीसी की सर्वश्रेष्ठ महिला क्रिकेटरों में शामिल

**दुबई।** भारतीय महिला क्रिकेट टीम की प्रमुख बल्लेबाज स्मृति मंधाना का नाम अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) की वर्ष की तीन सर्वश्रेष्ठ महिला टी20 क्रिकेटरों में शामिल किया गया है। मंधाना के अलावा सर्वश्रेष्ठ महिला टी20 क्रिकेटर की दौड़ में इंग्लैंड की क्रिकेटर टैमी ब्यूमोंट और नेट साइवर के साथ ही आयरलैंड की महिला क्रिकेटर गैबी लुईस भी शामिल हैं। मंधाना ने साल 2021 में 9 टी20 मैचों में 31.87 की औसत से 255 रन बनाये जिसमें दो अर्धशतक भी शामिल हैं। भारत के किसी भी खिलाड़ी को साल 2021 के लिए आईसीसी के सर्वश्रेष्ठ एकदिवसीय क्रिकेटर के लिए नामांकित नहीं किया गया है। इसके पुरुष वर्ग में बांग्लादेश के शाकिब अल हसन, पाकिस्तान के कप्तान बाबर आजम, दक्षिण अफ्रीका के जानेमन मलान और आयरलैंड के पॉल स्टर्लिंग भी शामिल हैं।



## चयन में कप्तान ओर कोच को भी शामिल करें: शास्त्री

**नई दिल्ली।** भारतीय क्रिकेट टीम के मुख्य कोच रवि शास्त्री ने कहा है कि टीम के चयन नियमों में बदलाव होना चाहिये। शास्त्री के कार्यकाल में हालांकि टीम इंडिया का प्रदर्शन अच्छा रहा पर वह कोई आईसीसी खिताब नहीं जीत पायी। शास्त्री ने साल 2019 में हुए एकदिवसीय विश्व कप में तीन विकेटकीपरों को टीम में शामिल किए जाने को लेकर भी सवाल उठाये थे। तब सेमीफाइनल में तीनों खिलाड़ी खेले थे और टीम को न्यूजीलैंड से हार भी मिली थी। उन्होंने कहा है कि चयन नीयमों में बदलाव की जरुरत है। इसमें कप्तान और कोच को भी अपनी बात रखने का अवसर मिले।



शास्त्री ने कहा कि चयन में कोच और कप्तान को अपनी बात रखनी चाहिए। उन्होंने कहा, 'आधिकारिक तौर पर टीम चयन में कोच और कप्तान को शामिल करना चाहिए। यह बहुत अहम है, खासकर अगर कोच के पास पर्याप्त अनुभव हो। नये मुख्य कोच राहुल द्रविड़ और कप्तान को भी अपनी बात रखी चाहिए।' उन्होंने कहा कि वे विश्व कप में तीन विकेटकीपरों के चयन से सहमत नहीं थे, हालांकि तब उन्होंने हस्तक्षेप नहीं किया था।

शास्त्री ने कहा कि मैं विश्व कप में तीन विकेटकीपरों की जगह अंबाती रायडू या श्रेयस अय्यर को शामिल किया जा सकता था। महेन्द्र सिंह धोनी, ऋषभ पंत और दिनेश कार्तिक को साथ में रखे जाने का क्या तर्क था लेकिन मैंने कभी भी चयन में हस्तक्षेप नहीं किया। रायडू विश्व कप से पहले अंतिम टूर्नामेंट में टीम का हिस्सा था पर जब उन्हें विश्व कप की टीम में जगह नहीं मिली तो वे हैरान रह गए थे।

### 2023 के एकदिवसीय विश्व कप में भी कप्तानी करना चाहते हैं फिंच

**मेलबोर्न।** ऑस्ट्रेलियाई सीमित ओवरों की टीम के कप्तान आरोन फिंच ने कहा है कि वह अगले टी20 विश्व कप में भी अपनी टीम की कप्तानी करना चाहेंगे। अगला टी20 विश्व कप ऑस्ट्रेलिया में ही खेला जाएगा और फिंच अपनी ही धरती पर खिताब बरकरार रखना चाहेंगे। इसके साथ ही वह 2023 के एकदिवसीय विश्व कप में भी टीम की कप्तानी चाहेंगे। फिंच ने हाल ही में टी 20 विश्व कप में अपने देश का नेतृत्व करने के लिए घुटने की सर्ज़री करायी थी। ऑस्ट्रेलिया की सीमित ओवरों की कप्तानी के बार में उन्होंने चयनकर्ताओं के अध्यक्ष जॉर्ज बेली के साथ अनौपचारिक चर्चा की है। मैंने पिछले छह महीनों में इसके बारे में काफ़ी कुछ सोचा है और बेली से बात भी की है। अगले दो या तीन वर्षों में निश्चित रूप से एक बड़ी अवधि होने जा रही है, यह एक गहन बातचीत नहीं थी। हालांकि अगले कुछ महीनों में हम इसके बारे जरूर सोचेंगे।

## क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया की सर्वश्रेष्ठ टेस्ट एकादश में रोहित, ऋषभ सहित चार भारतीय शामिल रहे

**सिडन।** क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया (सीए) की साल 2021 की सर्वश्रेष्ठ टेस्ट एकादश में रोहित शर्मा और ऋषभ पंत सहित चार भारतीय खिलाड़ी शामिल रहे हैं। रोहित और ऋषभ के अलावा इस सूची में अक्षर पटेल और आर अश्विन भी शामिल हैं। सीए ने इसमें रोहित और श्रीलंका के दिमुथ करुणारत्ने को सलामी बल्लेबाज के रुप में रखा है। रोहित और करुणारत्ने का प्रदर्शन पिछले कुछ समय में शानदार रहा है और इन्होंने अपनी-अपनी टीम को जीत दिलाई है। करुणारत्ने को इस टीम का कप्तान भी बनाया गया है।

इसमें इंग्लैंड के कप्तान जो रुट को भी शामिल किया गया है हालांकि उनकी कप्तानी में टीम एशेज सीरीज हार गयी है। सीए के अनुसार एक कप्तान के रूप में जो रूट का समय भले ही खराब चल रहा है पर वह एक बल्लेबाज के रूप में उत्कृष्ट रहे हैं। वहीं पाकिस्तान के फवाद आलम को भी इस टीम में जगह मिली है। इस क्रिकेटर ने टेस्ट क्रिकेट में वापसी के लिए 11 साल का लंबा इंतजार किया पर अपने प्रदर्शन से वापसी को सही साबित किया। ऋषभ पंत ने पिछले 12 महीनों में टेस्ट क्रिकेट में जबरदस्त प्रदर्शन किया है, बल्लेबाजी के साथ ही विकेटकीपिंग में भी उन्ह जबकि है। स्पिनर आर अश्विन और अक्षर पटेल का प्रदर्शन भी प्रभावशाली रहा है। इसके अलावा टीम में शामिल काइल जैमीसन, हसन अली और शाहीन शाह अफरीदी बेहतरीन तेज गेंदबाज हैं।

### आयरलैंड के दो दो क्रिकेटर पाये गये कोरोना संक्रमित

**फ्लोरिडा।** आयरलैंड के क्रिकेटर पॉल स्टर्लिंग और शेन गेटकेट कोविड????-19 जांच में संक्रमित पाये जाने के बाद 10 दिनों के लिए पृथकवास में भेज दिये गये हैं। आयरलैंड दल के पीसीआर परीक्षणों के एक अंतिम दौर में पता चला कि दो खिलाड़ी कोरोना पॉजिटिव हैं। आयरलैंड को आठ जनवरी से वेस्टइंडीज के खिलाफ तीन एकदिवसीय और एक टी20 अंतरराष्ट्रीय मैच खेलना है। वहीं क्रिकेट आयरलैंड ने कहा कि जॉर्ज डॉकरेल के भी संक्रमित पाये जाने से उसकी मुश्किलें बढ़ी हैं।

### इंडिगो के मालिकों का लंबे समय से चल रहा विवाद समाप्त

**नई दिल्ली।** देश की प्रमुख एयरलाइन इंडिगो के प्रमोटरों के बीच लंबे समय से चला आ रहा विवाद खत्म हो गया है। इंडिगो की पेरेंट कंपनी इंटरग्लोब एविएशन लिमिटेड के शेयरहोल्डर्स ने प्रमोटर शेयर ट्रांसफर के नियमों में बदलाव को हरी झंडी दे दी है। कंपनी के संविधान में बदलाव से को-फाउंडर राकेश गंगवाल के बाहर निकलने का रास्ता साफ हो गया है जिनका करीब दो साल से दूसरे को-फाउंडर राहुल भाटिया से विवाद चल रहा था। हाल ही में ईजीएम के बाद कंपनी ने शेयर बाजार को दी जानकारी में बताया कि उसके रिजॉल्यूशन को शेयरहोल्डर्स से जरूरी मंजूरी मिल गई है। इस संशोधन के बाद दो को-फाउंडर्स में से कोई भी एक अपनी हिस्सेदारी किसी तीसरे पक्ष को बेच सकता है। 30 सितंबर तक की जानकारी के मुताबिक भाटिया के आईजीई ग्रुप की इंडिगों में 37.83 फीसदी हिस्सेदारी थी जबकि राकेश गंगवाल के आरजीई ग्रुप की हिस्सेदारी 36.61 फीसदी थी। दोनों प्रमोटर्स ग्रुप की हिस्सेदारी 74.44 फीसदी है। भाटिया और गंगवाल के बीच कई साल से मतभेद की खबरें आ रही थीं, लेकिन जुलाई, 2019 में दोनों सार्वजनिक रूप से आमने-सामने आ गए थे। कंपनी यह दावा करती रही थी कि इसका उसके कामकाज पर कोई फर्क नहीं पड़ा है लेकिन इंडस्ट्री चाहती थी कि यह विवाद खत्म होना चाहिए। महामारी से पहले इंडिगो मुनाफा कमाने वाली देश की एकमात्र एयरलाइन थी। लेकिन अब वह घाटे में चल रही है। टाटा ग्रुप जल्दी ही एयर इंडिया की कमान अपने हाथों में लेने जा रहा है।



## न्यू इयर पर जियो और बीसएनएल के ऐनुअल प्लान में 60 दिन ज्यादा की वैलिडिटी

### कंपनियों के ऐनुअल प्लान में डेली 3जीबी तक डेटा और अनलिमिटेड कॉलिंग जैसे शानदार बेनिफिट

**नई दिल्ली।** रिलायंस जियो और बीएसएनएल नए साल के मौके पर जबर्दस्त ऑफर लेकर हाजिर हुई हैं। ये कंपनियां अपने ऐनुअल प्लान से रिचार्ज कराने वाले यूजर्स को 60 दिन तक की ज्यादा वैलिडिटी दे रही हैं। कंपनियों के इन ऐनुअल प्लान में डेली 3जीबी तक डेटा और अनलिमिटेड कॉलिंग जैसे शानदार बेनिफिट मिलते हैं। बीएसएनएल अपने 2399 रुपये वाले प्लान पर न्यू इयर ऑफर दे रही है। इसके तहत यूजर्स को इस प्लान में 365 दिन की बजाय 425 दिन की वैलिडिटी मिलेगी। 60 दिन की एक्स्ट्रा वैलिडिटी के लिए यूजर्स के पास इस प्लान को सब्सक्राइब करने का आखिरी मौका है। इसमें कंपनी इंटरनेट यूज करने के लिए हर दिन 3जीबी डेटा ऑफर कर रही है। प्लान में मिलने वाला यह डेटा कैपिंग के साथ आता है। डेटा लिमिट खत्म होने के बाद प्लान में मिलने वाली इंटरनेट स्पीड घटकर 80केबीपीस हो जाती है। हर दिन 100 फ्री एसएमएस देने वाले इस प्लान में आपको देशभर में सभी नेटवर्क के लिए अनलिमिटेड कॉलिंग मिलती है। प्लान में मिलने वाले अडिशनल बेनिफिट में इरॉज नाउ का फ्री सब्सक्रिप्शन शामिल है। जियो अपने न्यू ऑफर के तहत 2545 रुपये वाले ऐनुअल प्लान पर 29 दिन की एक्स्ट्रा वैलिडिटी दे रहा है।







### पेट्रोल और डीजल में कोई बदलाव नहीं

**मुंबई।** बीते 57 दिन से पेट्रोल और डीजल की कीमत में कोई बदलाव ना हुआ हो, लेकिन क्रूड ऑयल की कीमत में इस साल तेजी देखने को मिली है। एक रिपोर्ट के अनुसार कच्चे तेल की कीमत में इस साल 50 फीसदी से ज्यादा का इजाफा हुआ है। जोकि 2009 के बाद सबसे बड़ी सालाना वृद्धि है। क्रूड ऑयल के दाम 80 डॉलर के करीब बने हुए हैं। आने वाले दिनों में इसमें और तेजी देखने को मिल सकती है। आईओसीएल के अनुसार देश के चारों महानगरों में पेट्रोल की कीमत में कोई बदलाव नहीं हुआ है। दिल?ली में पेट्रोल के दाम 95.41 रुपए प्रति लीटर पर हैं। वहीं दूसरी ओर कोलकाता, मुंबई और चेन्नई में पेट्रोल की कीमत क्रमश- 104.67 रुपए, 109.98 रुपए और 101.40 रुपए प्रति लीटर हैं।



# निगम प्रशासन ने बाजार से खदेड़े हाथ ठेले, सड़कें दिखने लगी खाली-खाली





### यह स्थिति कब तक कायम रह पाएगी, यह आने वाला समय बताएगा

**मुरैना।** शुक्रवार की दोपहर नगर निगम प्रशासन द्वारा मदखलत दस्ते के साथ सदर बाजार एवं झंडा चौक पर डिवाइडर के दोनों साइड लगे सभी हाथ ठेला को हटवा दिये और तमाम लोगों के फुटपाथ पर रखे सामान को जप्त कर लिया। निगम प्रशासन की इस कार्यवाही से हाथ ठेले वाले काफी आक्रोशित दिखे और ट्रेलर को पुनः स्थापित करने के लिए रास्ता खोजने मैं लगे हुए हैं। पूर्व में भी कई बार निगम प्रशासन बाजार से ठेले हटा चुका है, लेकिन 2 दिन बाद पुनः स्थापित हो जाते हैं। यह देखना लाजमी होगा कि अब कितने दिन तक यह स्थिति बरकरार रहती है, फिलहाल ठेले हटने से आगमन सुगम हो गया है तो वहीं दुकानदारों ने भी राहत की सांस ली है।

शहर के बीचो-बीच सदर बाजार एवं झंडा चौक मार्केट में दुकानों के सामने एवं डिवाइडर के दोनों साइड लंबे समय से हाथ ठेला की बाढ़ आ गई और मुख्य बाजार के रास्ते पूरी तरह जाम हो गए थे, जिस कारण बाजार में खरीदारी के लिए आने वाले आमजन को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा था। नगर निगम प्रशासन ने शुक्रवार की दोपहर हाथ ठेला पर कार्रवाई करते हुए सभी ठेला को वहां से हटवा दिया है तथा फुटपाथ पर रखे सामान को भी जप्त कर लिया। ठेले हटने से दोनों बाजारों के रास्ते चौड़े दिखाई देने लगे और आवागमन में लोगों को सुविधा महसूस होने लगी, लेकिन लोगों में इस बात को लेकर संशय है कि यह स्थिति कितने दिनों तक बरकरार रहती है, क्योंकि हर बार नगर निगम प्रशासन यह कार्रवाई समय-समय पर करता रहता है, बावजूद इसके 2 दिन बाद हाथ ठेले पुनः वहीं स्थापित हो जाते हैं। जिला प्रशासन एवं नगर निगम प्रशासन की ढिलाई के कारण यह समस्या समाप्त होने का नाम नहीं ले रही है। वर्तमान में शहर के मुख्य बाजारों में सैकड़ों की संख्या में हाथ ठेले लगे हुए है, जिनमें रेडीमेड कपड़े, श्रंगार, फल, चाट आदि के हाथ ठेला शामिल है। अभी भी बाजार में हाथ ठेले आस-पास मंडरा रहे हैं और कभी भी अपनी जगह पर काबिज हो सकते हैं, वहीं हाथ ठेला संचालक आंदोलन की रणनीति बना रहे हैं तो कुछ नेताओं के पास भी जा रहे हैं, जिससे ऐसा प्रतीत होता है कि निगम प्रशासन की कार्यवाही ज्यादा समय तक टिकने वाली नहीं है। फिलहाल मुख्य बाजार से हाथ ठेला हटने के बाद बाजार दिखाई देने लगा है।

## 15 से 18 वर्ष के बच्चों का 100 प्रतिशत हो वैक्सीनेशनः एसडीएम

**जौरा।** एसडीएम कार्यालय जौरा में शासकीय और अशासकीय विद्यालयों के प्राचार्य की एक बैठक जौरा विकासखंड एवं पहाड़गढ़ विकासखंड के 15 से 18 वर्ष के छात्र-छात्राओं को वैक्सीनेशन को लेकर की गई, जिसमें एसडीएम विनोद सिंह ने आवाहन किया कि विकासखंड जौरा और विकासखंड पहाड़गढ़ में आने वाले 15 से 18 वर्ष के बच्चों का 100 प्रतिशत वैक्सीनेशन हो। एसडीएम विनोद सिंह ने कहा कि जिस प्रकार अन्य गतिविधियों में जौरा तहसील प्रथम स्थान पर रहता है, ठीक उसी प्रकार कोविड-19 में भी जौरा तहसील प्रथम स्थान पर रहे और इसमें शत- प्रतिशत वैक्सीनेशन हो। उन्होंने बताया कि 3 जनवरी से वैक्सीनेशन प्रारंभ हो रहा है और प्रथम दिन ही संपूर्ण जिले में सबसे अधिक वैक्सीनेशन का कीर्तिमान जौरा में ही स्थापित हो। इस अवसर पर यह निर्णय लिया गया कि 3 जनवरी 4 जनवरी और 5 जनवरी को जौरा और पहाड़ गढ़ ब्लॉक में संचालित सभी कोचिंग संस्थान बंद रहेंगे। यदि बच्चे वैक्सीनेट नहीं होते हैं तो उन्हें कोचिंग में, स्कूलों में अध्ययन के लिए प्रवेश नहीं मिलेगा, इस अवसर पर बीईओ वीके शर्मा, बीएमओ मनोज त्यागी, प्राइवेट स्कूल एसोसिएशन के संभागीय उपाध्यक्ष एल एन त्यागी, जिला अध्यक्ष विद्याराम प्रजापति, जौरा अध्यक्ष एसडी श्रीवास्तव, कार्यकारी अध्यक्ष एसके झा, एक्सीलेंस के प्राचार्य डीके आर्य, बीईओ कार्यालय के श्रीराम शर्मा आदि उपस्थित रहे।



## पिछड़ा वर्ग विकास निगम के अध्यक्ष रघुराज आज मुरैना आएंगे



**मुरैना।** मध्य प्रदेश पिछड़ा वर्ग तथा अल्पसंख्यक वित्त एवं विकास निगम के अध्यक्ष बनने के बाद रघुराज सिंह कंषाना आज शनिवार को दोपहर 1 बजे छत्तीसगढ एक्सप्रेस द्वारा भोपाल से मुरैना आ रहे है। मुरैना में भाजपा नेता और कार्यकर्ताओं द्वारा उनका स्टेशन पर भव्य स्वागत किया जाएगा, इसके बाद वह मालगोदाम से स्टेशन रोड, हनुमान चौराहे से सदर बाजार ओवरब्रिज चौराहे, पुराना बस स्टैंड होते हुए रेस्टहाउस पहुंचेगे और वहाँ कार्यकर्ता एवं आमजन से मुलाकात करेंगे।

# प्राचार्य श्रीवास्तव को कारण बताओ नोटिस जारी



**मुरैना।** वित्तीय अनियमितताओं के आरोप में प्राचार्य जीके श्रीवास्तव तत्कालीन प्राचार्य शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बानमौर हाल प्राचार्य शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय नूरावाद टेकरी जिला मुरैना को नोटिस जारी किया गया है। यह कार्रवाई चंबल संभाग के कमिश्नर आशीष सक्सेना ने मानवाधिकार कमेटी भारत ब्रांच जिला मुरैना के प्रेसिडेन्ट अशोक कुमार गुप्ता की शिकायत पर की है। श्री गुप्ता ने प्राचार्य को तत्काल हटाने, पूर्व अतिथि शिक्षक संजीव गौड़ को पुनः नियुक्ति देने संबंधी शिकायत की थी। जिसकी जांच जिला शिक्षाधिकारी से कराई गई थी। जिला शिक्षाधिकारी ने अपने जांच प्रतिवेदन में यह उल्लेखित किया है कि तत्कालीन प्राचार्य शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बानमौर जिला मुरैना में पदस्थी के समय संजीव गौड़ अतिथि शिक्षक को एम.एस.सी. भौतिक शास्त्र की योग्यता न होने पर भी उन्हें सत्र 2017-18 और सत्र 2018-19 में रखा जाना पाया गया, जो शासन की धन राशि का दुरूपयोग किया जाना एवं वित्तीय अनियमितताओं को सिद्ध करता है।

चंबल संभाग के कमिश्नर आशीष सक्सेना ने प्राचार्य श्री श्रीवास्तव के कृत्य पदय कर्तव्यों के निर्वहन में लापरवाही एवं उदासीनता के साथ-साथ प्राचार्य श्रीवास्तव की निष्ठा संदिग्ध परिलक्षित करता है, जो एक लोकसेवक के पद के अपेक्षित आचरण के विपरीत होकर मध्यप्रदेश सिविल सेवा (आचरण) नियम 1965 के नियम 03 (1) (2) व (3) का स्पष्ट उल्लंघन है। कमिश्नर ने इसको लेकर प्राचार्य जी.के. श्रीवास्तव के खिलाफ मध्यप्रदेश सिविल सेवा (वर्गीकरण नियंत्रण तथा अपील) नियम 1966 के तहत नियम 16 के अन्तर्गत विधिवत अनुशासनात्मक कार्यवाही करते हुये दो वेतनवृद्धि असंचयी प्रभाव से रोकने का नोटिस जारी किया है।

## भीषण सर्दी में गरीब बस्तियों में जाकर बच्चों को वितरित की पदवेश और गर्म कपड़े



**अम्बाह।** मध्यप्रदेश यूनिसेफ के द्वारा आगाज इंटर्नशिप का आयोजन इन दिनों किया जा रहा है, जिसके माध्यम से बच्चों के हित में कार्य किए जा रहे हैं। इसी इंटर्नशिप के तहत इंटर्न तथा अम्बाह पीजी कॉलेज रासेयो की स्वयं सेविका अंकिता तोमर द्वारा अपने सहयोगियों के साथ सेवा कार्य किए जा रहे हैं, जिससे बच्चों को सहायता मिल सके तथा इसके साथ-साथ शैक्षणिक जानकारी भी प्रदान की जा सके, रासेयो इकाइयों के साथ मिल कर इंटर्न द्वारा गरम कपड़ो का वितरण किया गया और चाइल्ड हेल्प लाइन नम्बर के बारे में अवगत किया गया। इस कार्यक्रम में रासेयो कार्यक्रम अधिकारी भी उपस्थित थे। इसके बाद ईट भट्टा पर जाकर इंटर्न अंकिता तोमर द्वारा बच्चो को पदवेश वितरित कराई गई और प्रवासी बच्चों से उनकी शिक्षा के बारे में भी बातचीत की गई। जिसमें उन्होंने बताया कि हम जब अपने घर जाते हैं तभी स्कूल जाते हैं। इस समस्या को देखते हुए उनकी शिक्षा के लिए पूर्ण कोशिश करने का आश्वासन दिया। कड़कती सर्दी में जब बच्चों ने पदवेश प्राप्त की तो उनकी खुशी का ठिकाना नहीं रहा। यह कार्यक्रम अम्बाह में ईट चिमनी के पास गरीब बस्ती में किया गया। इस कार्यक्रम में सहायक युवा साथी अंजलि सिकरवार, राखी तोमर, मलखान सिंह, मयंक कटारे उपस्थित रहे।

### नववर्ष पर रक्तदान करेगा रोटरी क्लब चम्बल

**मुरैना।** रोटरी क्लब चम्बल द्वारा 1 जनवरी 2022 शनिवार को जिला चिकित्सालय मुरैना में सुबह 9 बजे से दोपहर 12 बजे तक मेगा रक्तदान शिविर का आयोजन किया जा रहा है, जिसमें रोटरी क्लब चम्बल के लगभग सभी सदस्य रक्तदान करेंगे, जैसा कि सभी को विदित है कि नववर्ष 2022 का आगमन होने वाला है और रोटरी क्लब चंबल समाजसेवा के क्षेत्र में मानवसेवा एवं बीमार की जिंदगी के लिए सबसे महत्वपूर्ण रक्त को दान करके नववर्ष की शुरुआत करेगा, क्योंकि रक्तदान ही जीवनदान है, रोटरी क्लब चम्बल सभी समाजसेवी संगठनों एवं मुरैना के सभी शहरवासियों से अपील करते है कि जो भी व्यक्ति रक्तदान करने के लिए इच्छुक हो, वह 1 जनवरी शनिवार जिला चिकित्सालय में सुबह 9 बजे से दोपहर 12 बजे तक उपस्थित होकर रक्तदान शिविर में रक्तदान कर सकते हैं।




## ज्ञापन देकर सरकार से मांग, बहाल किए जाये सरपंचों के अधिकार



**अम्बाह।** इलाके के सरपंचों ने प्रदेश के मुखिया शिवराज सिंह चौहान के नाम एसडीएम राजीव समाधिया को ज्ञापन दिया। ज्ञापन सरपंच संघ के अध्यक्ष राय सिंह तोमर लल्लू के नेतृत्व में दिया गया।

ज्ञापन में सरपंचों के अधिकार बहाल करने की मांग करते हुए कहा गया कि कुछ दिन पूर्व मध्यप्रदेश निर्वाचन आयोग द्वारा अधिसूचना एवं चुनाव कार्यक्रम घोषित करने से संपूर्ण मध्यप्रदेश के ग्रामो में विकास कार्य रूक गये है एवं बहुत से सारे कार्य इस दौरान चल भी रहे थे किंतु आचार संहिता लगने के कारण उक्त कार्यों की संपूर्ण राशि का आज तक आहरण नहीं हुआ है। इसलिए उक्त कार्यो को लेकर सरपंच सचिव असमंजस की स्थिति में है। ज्ञापन में कहा गया कि मध्यप्रदेश सरकार के पंचायत ग्रामीण विकास विभाग द्वारा पंचायतों को अघोसंरचना, जल संरक्षण, स्वच्छता इत्यादि कार्य करने के निर्देश मिले थे किंतु मध्यप्रदेश शासन द्वारा कुछ कर्मचारियों और सचिवों के स्थानांतरण होने से इन कार्यो में अवरोध पैदा हुआ और कुछ तकनीकि कारण से डी एस सी रोक दी गई। जिससे ग्राम पंचायतों में आज दिनांक तक विकास कार्य रुका हुआ है। ज्ञापन में कहा गया कि मार्च 2021 से सभी पंचायतों के सरपंच द्वारा कोरांना बचाव अभियान में लगने से विकास कार्य अवरुद्ध हुए हैं। वही विगत 4 दिसम्बर को अधिसूचना जारी होने से प्रधानों के करोड़ों रुपए का भुगतान रुका हुआ है, जब कि निर्माण कार्य ज्यादातर पूर्ण हो चुके हैं एवं कुछ निर्माण कार्यरत है। उन्होंने मुख्यमंत्री से अनुरोध करते हुए कहा है कि आगामी चुनाव होने तक सरपंच व ग्राम पंचायतों के वित्तीय अधिकार पुनः दिये जावे और डीएस.सी. चालू की जाए। ज्ञापन देते समय मोहिनी देवी, शीला देवी, रीना देवी, आशा, श्यामा देवी, सुखलाल, रामबरन सिंह, मोहिनी देवी, गीता देवी सहित अन्य मौजूद रहे।

## दिव्यांग जनों की शिक्षा के लिए होंगे विशेष कार्यक्रमः बिंदुसार सिंह



**अंबाह।** सर्व शिक्षा अभियान मुरैना के अंतर्गत समग्र शिक्षा अभियान की समावेशित शिक्षा अंतर्गत अकादमिक समन्वयकों एवं जन शिक्षकों का एक दिवसीय क्षमता वर्धन प्रशिक्षण का कार्यक्रम जनपद शिक्षा केंद्र अंबाह के सभाकक्ष में विकासखंड अंबाह एवं पोरसा के बीआरसीसी बीएसी एवं सीएसी का उन्मुखीकरण किया गया। प्रशिक्षण में विशेष आवश्यकता वाले दिव्यांग बच्चों के लिए संचालित गतिविधियों के साथ दिव्यांगों के अधिकार व संरक्षण अधिनियम दिव्यांग बच्चों को अकादमिक सहायता तथा दिव्यांग बच्चों की दिव्यांगता को कैसे कम किया जाए। यदि बच्चा गंभीर दिव्यांगता से पीड़ित है और विद्यालय जाने में असमर्थ है तो उन्हें घर पर ही रह कर किस प्रकार से शिक्षा प्रदान की जाए। इसकी विस्तृत जानकारी एपीसीआईईडी प्रिया शरण दीक्षित एवं बीआरसी अंबाह बिंदुसार सिंह तोमर एवं एवं एमआरसी अंबाह विनोद सिंह तोमर द्वारा समावेशित शिक्षा एवं मानसिक मंद वाले बच्चों को कैसे पढ़ाया जाता है। विस्तार से बताया गया तथा एमआरसी श्रीमती प्रीति जोशी द्वारा श्रवण बाधित बच्चों को कैसे पढ़ाया जाता है विस्तार से समझाया गया तथा एमआरसी श्याम दास एवं प्रदीप तोमर द्वारा दृष्टि बाधित बच्चों को कैसे विद्यालय में पढ़ाया जाता है। विस्तार से बीएसी एवं सीएसी को विस्तृत रूप से समझाया गया। समापन सत्र में एपीसी आईईडी प्रिया शरण दीक्षित द्वारा दिव्यांग बच्चों को समस्त सुविधाओं को प्रदाय करने हेतु सभी को निर्देशित किया गया एवं अंत में एमआरसी अंबाह विनोद सिंह तोमर एवं बीआरसी बिंदुसार सिंह तोमर ने सभी का आभार प्रकट किया।

## जिले में रात्रि 11 से प्रातः 5 बजे तक रहेगा नाईट कर्फ्यूः कलेक्टर



**मुरैना।** मध्यप्रदेश शासन गृह विभाग मंत्रालय वल्लभ भवन भोपाल द्वारा कोरोना वायरस संक्रमण के रोकथाम एवं बचाव हेतु आवश्यक दिशा-निर्देश अनुसार कोविड-19 संक्रमण को दृष्टिगत रखते हुए नवीन दिशा-निर्देश जारी किये गये है।

जारी आदेश में कहा गया है कि जिले में रात्रि 11 बजे से प्रातः 5 बजे तक नाईट कर्फ्यू रहेगा। समस्त सिनेमाहॉल, मल्टीप्लेक्स, थियेटर, जिम, कोचिंग क्लासेस, स्वीमिंग पूल, क्लब, स्टेडियम में 18 वर्ष से अधिक आयु के केवल उन लोगों को ही प्रवेश की अनुमति रहेगी, जिन्होंने कोविड-19 के दोनों टीके लगवाएं है। समस्त शासकीय सेवकों से अपेक्षा है कि वह कोविड-19 की दोनों डोज से समस्त विभागाध्यक्ष, कार्यालय प्रमुख ऐसे शासकीय सेवकों के नाम सूचीबद्ध करेंगे, जिसके द्वारा दोनों टीके नहीं लगाये गये है तथा उन्हें दोनों टीके लगवाना सुनिश्चित करें। समस्त स्कूलों, कॉलेजो, होस्टलों में कार्यरत प्राचार्य शिक्षक, संचालक, स्टाफ तथा अध्ययनरत 18 वर्ष से अधिक आयु के छात्र-छात्राओं से कहा गया है, कि वे कोविड-19 के टीके की दोनों डोज लें। ऐसे स्टाफ, कर्मियों, छात्र-छात्राओं जिनके द्वारा दोनों टीके नहीं लगाए गए है, उन्हें दोनों टीके लगवाना प्राचार्य संचालक सुनिश्चित करेंगे। समस्त मार्केट प्लेस एवं मॉल के दुकानदारों तथा मेलों में दुकान लगाने वाले दुकानदारों से कहा गया है, कि वे कोविड़-19 टीके की दोनों डोज लगवाये। जिन दुकानदारों द्वारा दोनों टीक नहीं लगाये गये है, उन्हें दोनों टीके लगवाना मार्केट एसोसिपेशन, मॉल प्रबंधन, मेला आयोजक सुनिश्चित करेगें। समस्त सिनेमाहॉल मल्टीप्लेक्स, थियेटर, जिम, कोचिंग क्लासेस, स्वीमिंग पूल स्टाफ को दोनों टीके लगवाना आवश्यक होगा। कोविड-19 उपयुक्त व्यवहार जैसे मास्क का उपयोग सोशल डिस्टेंसिंग आदि का पालन सुनिश्चित किया जाए। मास्क नहीं लगाने वाले व्यक्तियों पर नियमानुसार जुर्माना वसूली की कार्यवाही की जायेगी। नाईट कर्फ्यू के दौरान समस्त अस्पताल, नर्सिंग होम, दवाई की दुकाने खुली रहेगी।

## चुनावी बिसात बिछी

अब जबकि चुनाव आयोग ने स्पष्ट कर दिया है कि यूपी समेत पांचों राज्यों के विधानसभा चुनाव समय पर होंगे, तो माना जाना चाहिए कि अगले कुछ दिनों में सभी राज्यों में राजनीति का पारा सातवें आसमान पर होगा। इन पांचों राज्यों में सभी की नजर उत्तर प्रदेश पर है। चुनाव आयोग के रुख के बाद उत्तर प्रदेश, पंजाब, मणिपुर, गोवा और उत्तराखंड में होने वाले विधानसभा चुनाव की उल्टी गिनती शुरू हो गई है। अगले कुछ दिनों में तारीखों का ऐलान भी हो जाएगा। चुनावी अखाड़े में एक-दूसरे को पटखनी देने के लिए राजनीतिक दलों ने अभी से खम ठोंकना भी शुरू कर दिया है। सबसे ज्यादा सक्रिय भाजपा दिख रही है। उसके पीछे-पीछे अन्य दल और मुखिया भी अपने-अपने हिसाब से कदमताल करते नजर आने लगे हैं। आरोप-प्रत्यारोप का दौर भी शुरू हो चुका है। कहां किस राज्य में किस पार्टी से हाथ मिलाकर सत्ता के करीब आना है, किन पुराने दुश्मनों को दोस्त बनना है और किसे आखिरी वक्त पर झटका देना है, इन सारे मुद्दों पर पर्दे के पीछे खेल भी शुरू हो गया है। दरअसल, अगले साल होने वाले पांच राज्यों के विधानसभा चुनाव को केंद्र सरकार के लिए सेमीफाइनल के तौर पर भी देखा जा रहा है, क्योंकि दो साल बाद 2024 में ही तो लोकसभा चुनाव भी होने हैं। विधानसभा चुनाव के मद्देनजर उत्तर प्रदेश, पंजाब, मणिपुर, गोवा, उत्तराखंड में सियासी हलचल तेज हो गई है। केंद्र सरकार से जुड़े भाजपा शासित राज्यों में उत्तर प्रदेश सबसे बड़ा राज्य है। दिल्ली की सत्ता की राह उत्तर प्रदेश ही तय करता है। ऐसे में यहां की हार-जीत का सबसे अधिक असर वर्ष 2024 में होने जा रहे लोकसभा चुनाव पर सबसे ज्यादा पड़ेगा। यही वजह है कि यहां भाजपा समेत जिस किसी भी दल को देखें, वह किसी न किसी रूप में सरकार बनाने और सत्ता पाने की जुगत में लगा है। चाहे उत्तर प्रदेश हो या पंजाब, गोवा, उत्तराखंड या छोटा राज्य मणिपुरज् हर जगह सत्तारूढ़ दल से सत्ता की चाबी छीनने के लिए अन्य पार्टियां लगी हैं। उत्तर प्रदेश में आगामी विधानसभा चुनावों को लेकर सियासी सरगर्मियां उफान पर हैं। सत्तारूढ़ भाजपा सूबे में फिर से वापसी के लिए आत्मविश्वास से लबरेज है, वहीं सपा से लेकर कांग्रेस और बसपा तक अपनी जीत के दावे कर रही हैं। अब उत्तराखंड की यदि बात करें तो यहां सत्तारूढ़ भाजपा एक बार फिर सत्ता में आने के लिए एड़ी-चोटी का जोर लगा रही है। पार्टी ने इस बार 70 सदस्यों वाली विधानसभा में 60 से अधिक सीटें जीतने का लक्ष्य बनाया है। गोवा विधानसभा चुनाव के लिए सभी दलों ने अपनी तैयारी शुरू कर दी है। 40 विधानसभा वाले गोवा विधानसभा के लिए सत्तारूढ़ भाजपा, कांग्रेस, तृणमूल कांग्रेस तथा आम आदमी पार्टी अपनी सत्ता के लिए जोर-आजमाइश कर रहे हैं। देश का सबसे समृद्ध राज्य पंजाब, जहां अभी कांग्रेस सत्तारूढ़ है, वहां भाजपा और आम आदमी पार्टी कांग्रेस से सत्ता छीनने के लिए अपने जोड़-तोड़ में जुटी है। पंजाब में कैप्टन के प्रति मतदाताओं का जो लगाव है, वह भी धीरे-धीरे सामने आने लगा है। ऐसा इसलिए, क्योंकि उन्होंने भाजपा की नजदीकियों को स्वीकार कर लिया है। इसका लाभ तो भाजपा को मिलेगा ही, लेकिन पंजाब में अब तक भाजपा कहीं भी अकाली दल और कांग्रेस के आसपास नहीं टिक रही थी। ऐसी स्थिति में हो सकता है कि भाजपा को कुछ लाभ उनके जाने से मिल जाए। अब रही आम आदमी पार्टी की बात, तो जो स्थिति आपसी फूट के कारण पंजाब में बनती जा रही है, उसमें इतना तो मानना ही पड़ेगा की आम आदमी पार्टी को इस बंदरबाट का कुछ न कुछ लाभ तो जरूर मिलेगा।

# सामाजिक समरसता के संवाहक थे महामना मालवीय

**डॉ.शंकर सुवन सिंह**

महामाना मालवीय जी मर्मज्ञ पुरुष थे। अद्वितीय प्रतिभा के धनी पण्डित मदन मोहन मालवीय का जन्म 25 दिसम्बर,1861 को इलाहाबाद (प्रयागराज) में हुआ था। वर्ष 2021 में महामना मालवीय की 160वीं जयंती है। इस अवसर पर मालवीय जी के द्वारा सामाजिक,राजनैतिक और शैक्षणिक क्षेत्र में किये गए कार्यों को याद किया जाता है। इस दिन उनके आदर्शों को जीवन में उतारने की कोशिश होती है। पंडित मदन मोहन मालवीय जी के पूर्वज मालवा प्रान्त के निवासी थे। अतएव इन्हें मालवीय कहा जाता था। मदन मोहन मालवीय को धार्मिक संस्कार विरासत में मिले थे। मदन मोहन मालवीय जी ने महज 25 वर्ष की आयु में ही 1886 में भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के दूसरे अधि?वेशन में भाग लि?या और उसे संबोधि?त कि?या। बाद में वे सन् 1909,1918,1932 और 1933 में भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के अध्यक्ष चुने गए। वे एक महान द ेशभक्त ,स्वत ंत्रता सेनानी,वि?धि?वेत्ता,संस्कृत और अंग्रेजी के वि?द्वान,शि?क्षावि?द, पत्रकार और प्रखर वक्ता थे। एक पत्रकार के रूप में उन्होंने वर्ष 1907 में एक हिंदी साप्ताहिक 'अभ्युदय' की शुरुआत की,जिसे वर्ष 1915 में दैनिक बना दिया गया। इसके अलावा उन्होंने वर्ष 1910 में हिंदी मासिक पत्रिका 'मर्यादा' भी शुरू की थी। उन्होंने वर्ष 1909 में एक अंग्रेज़ी दैनिक अखबार 'लीडर' भी शुरू किया था। मालवीय जी हिंदी साप्ताहिक 'हिंदुस्तान' और 'इंडियन यूनियन' के संपादक भी थे। वे कई वर्ष तक 'हिंदुस्तान टाइम्स' के निदेशक मंडल के अध्यक्ष भी रहे।

मालवीय जी केवल भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के सक्रिय सदस्य बनकर ही नहीं रहे बल्कि हिंदी भाषा को राजभाषा का सम्मान, समाज सुधार,पत्रकारिता,शैक्षणिक संप्रभुता और पर्यावरण की सुरक्षा के लिए श्री गणेश करने वाले अग्रदूत थे। भारतेन्दु हरिश्चंद्र के सपने ÷निज भाषा उन्नति अहै सब उन्नति कै मूल÷ को साकार करने का भागीरथ कार्य मालवीय जी ने ही किया। वर्ष 1937-38 में मालवीय जी को इलाहाबाद विश्वविद्यालय में दीक्षांत भाषण देने के लिए आमंत्रित किया गया था। विश्वविद्यालय के इतिहास में अभी तक दीक्षांत भाषण अंग्रेजी में ही दिए जाने की परंपरा रही। लेकिन मालवीय जी ने उस परंपरा को तोड़, हिंदी में भाषण देकर देशभक्ति का अनूठा उदाहरण पेश किया। भाषण देते समय 'सर स्पीक इन इंगलिश, वी कांट फॉलो योर हिंदी' जैसे ही श्रोताओं के बीच से यह आवाज गूंजी तो पंडित मदन मोहन मालवीय जी ने जवाब दिया ÷महाशय,मुझे भी अंग्रेजी बोलना आता है। शायद हिंदी की अपेक्षा मैं अंग्रेजी में अपनी बात अधिक अच्छे ढंग से कह सकता हूँ। लेकिन मैं एक पुरानी अस्वस्थ परंपरा को तोड़ना चाहता हूँ। उनकी हिंदी के प्रति संवदेनशीलता और संघर्ष से ज्ञात होता है कि आजादी के बाद कोई दूसरा महामना नहीं हुआ, जो हिंदी को देश में बाध्यकारी भाषा बना दे। महात्मा गांधी ने पंडित मदन मोहन मालवीय को महामना की उपाधि दी थी। भारत के दूसरे राष्ट्रपति डॉ.एस.राधाकृष्णन ने मालवीय जी को कर्मयोगी का दर्जा दिया था।

मालवीय जी ने भारतीय संस्कृति की जीवंतता को अक्षुण्ण बनाए रखने के लिए वर्ष 1916 ई. में काशी हिन्दू विश्वविद्यालय की स्थापना की थी। महामना मालवीय जी का मानना था कि किसी भी राष्ट्र की उन्नति का आधार वहाँ की शिक्षा व्यवस्था होती है। मनुष्य सभी प्राणियों में सर्वश्रेष्ठ है। अन्य प्राणियों की मानसिक शक्ति की अपेक्षा मनुष्य की मानसिक शक्ति अत्यधिक विकसित है। मनुष्य के पास प्रचुर मात्रा में ज्ञान होता है। इस ज्ञान का उपयोग देश की सेवा में लगाना चाहिए। तभी मनुष्य का जीवन सफल हो सकता है। महान संत कबीर ने कहा था - कबीरा ते नर अँध है,गुरु को कहते और। हरि रूठे गुरु ठौर है,गुरु रूठे नहीं ठौर। अर्थ - वे लोग अंधे हैं जो गुरु को ईश्वर से अलग समझते हैं। अगर भगवान रूठ जाएँ तो



गुरु का आश्रय है, पर अगर गुरु रूठ गए तो कहीं शरण नहीं मिलेगा। शिक्षा संस्कृति की संवाहक होती है। संस्कृति संस्कार से बनती है और सभ्यता नागरिकता से। हम भारतीय है ये हमारी नागरिकता है। हमारी सभ्यता ही भारतीय होने का परिचायक है। हम शिक्षित हैं, ये हमारा संस्कार है। शिक्षा संस्कार का आधार है। हम कह सकते है कि शिक्षा राष्ट्र की उन्नति का आधार है। मालवीय जी ने शैक्षणिक उन्नति के साथ साथ समाज में फैली बुराइयों को भी समाप्त किया। सामाजिक बुराइयों में अहम् था गिरमिटिया मजदूरी प्रथा। मालवीय जी ने 'गिरमिटिया मज़दूरी' प्रथा को समाप्त करने में अहम् भूमिका निभाई।

'गिरमिटिया मज़दूरी' प्रथा, बंधुआ मज़दूरी प्रथा का ही एक रूप है, जिसे वर्ष 1833 ई.में दास प्रथा के उन्मूलन के बाद स्थापित किया गया था। 'गिरमिटिया मज़दूरों' को वेस्टइंडीज़,अफ्रीका और दक्षिण-पूर्व एशिया में ब्रिटिश कालोनियों में चीनी,कपास तथा चाय बागानों और रेल निर्माण परियोजनाओं में कार्य करने के लिये भर्ती किया जाता था। हरिद्वार के भीमगोड़ा में गंगा के प्रवाह को प्रभावित करने वाली ब्रिटिश सरकार की नीतियों से आशंकित मालवीय जी ने वर्ष 1905 ई.में गंगा महासभा की स्थापना की थी। वे एक सफल समाज सुधारक और नीति निर्माता थे,जिन्होंने 11 वर्ष (1909-1920) तक इम्पीरियल लेजिस्लेटिव काउंसिल के सदस्य के रूप में कार्य किया। उन्होंने सत्यमेव जयते शब्द को लोकप्रिय बनाया। हालाँकि यह वाक्यांश मूल रूप से 'मुण्डकोपनिषद' से है। अब यह शब्द भारत का राष्ट्रीय आदर्श वाक्य है। मालवीय जी के प्रयासों के कारण ही देवनागरी (हिंदी की लिपी) को ब्रिटिश-भारतीय अदालतों में पेश किया गया था। उन्होंने हिंदू-मुस्लिम एकता को बनाए रखने की दिशा में भी महत्त्वपूर्ण कार्य किया। जातिगत भेदभाव और ब्राह्मणवादी पितृसत्ता पर अपने विचार व्यक्त करने के लिये उन्हें ब्राह्मण समुदाय से बाहर कर दिया गया था। इससे स्पष्ट होता है कि मालवीय जी जातिगत व्यवस्था से ऊपर उठकर राष्ट्रहित की सोचते थे। मालवीय जी ने साबित किया कि व्यक्ति को कर्म से ब्राह्मण होना चाहिए। उन्होंने वर्ष 1915 में हिंदू महासभा की स्थापना में भी महत्त्वपूर्ण भूमिका अदा की थी। मदनमोहन मालवीय के अनुसार राष्ट्रीयता और धार्मिक सहिष्णुता में कोई विरोध नहीं है। यह केवल हिन्दुओं का देश नहीं है। हिन्दुस्तान जैसे हिन्दुओं का प्यारा जन्म स्थान है,वैसे ही मुसलमानों का भी है। यह दोनों कौमें(धर्म)यहां बसती हैं और बसती रहेंगी। जितनी ही इन दोनों में परस्पर मेल और एकता बढ़ेगी,उतनी ही देश की उन्नति में हमारी शक्ति बढ़ेगी। इनमें जितना बैर या विरोध या अनेकता रहेगी,हम उतने ही दुर्बल होंगे। 12 नवम्बर,1946 ई. को महामना मालवीय जी का देहावसान हो गया था। भारत सरकार ने 25 दिसम्बर 2014 को उनके 153वे जन्मदिन पर भारत रत्न से नवाजे जाने की घोषणा की थी। अतएव पंडित मदन मोहन मालवीय को 31 मार्च 2015 को भारत रत्न (मरणोपरांत) से सम्मानित किया गया। महामना मालवीय जी का जीवन करोड़ों भारतीयों के लिए प्रेरणादायक है। भारत सदा उनका ऋणी रहेगा। सामाजिक समरसता को अक्षुण्ण बनाए रखने में महामना मालवीय को महारथ हासिल थी। अतएव हम कह सकते हैं कि पंडित मदन मोहन मालवीय सामाजिक समरसता के संवाहक थे।

## भगवान का अचिंत्य ऐश्वर्य

भगवान भौतिक जगत के पालन व निर्वाह के लिए प्रत्यक्ष रूप से उत्तरदायी नहीं हैं। हम एटलस (एक रोमन देवता) को कंधों पर गोला उठाये देखते हैं। वह अत्यन्त थका लगता है और इस विशाल पृथ्वीलोक को धारण किये रहता है। हमें किसी ऐसे चित्र को मन में नहीं लाना चाहिए, जिसमें कृष्ण इस सृजित ब्रह्मांड को धारण किये हों। उनका कहना है कि यद्यपि सारी वस्तुएं उन पर टिकी हैं, सारे लोक अन्तरिक्ष में तैर रहे हैं और यह अन्तरिक्ष परमेश्वर की शक्ति है किन्तु वे अन्तरिक्ष से पृथक स्थित हैं। भगवान कहते हैं, यद्यपि सब रचित पदार्थ मेरी अचिंत्य शक्ति पर टिके हैं, किन्तु भगवान रूप में मैं उनसे पृथक रहता हूं। यह भगवान का अचिंत्य ऐश्वर्य है। वैदिककोश निरुक्ति में कहा गया है- परमेश्वर शक्ति का प्रदर्शन करते हुए अचिंत्य आश्चर्यजनक लीलाएं कर रहे हैं। उनका व्यक्तित्व विभिन्न शक्तियों से पूर्ण है और संकल्प स्वयं एक तथ्य है। भगवान को इसी रूप में समझना चाहिए। हम कोई काम करना चाहते हैं, तो अनेक विध्न आते हैं और कभी-कभी जो चाहते हैं वह नहीं कर पाते। किन्तु जब कृष्ण कोई कार्य करना चाहते हैं, तो सब इतनी पूर्णता से सम्पन्न हो जाता है कि कोई सोच नहीं पाता कि यह सब कैसे हुआ! भगवान समझाते हैं-यद्यपि वे समस्त सृष्टि के पालक तथा धारणकर्ता हैं, किन्तु वे इस सृष्टि का स्पर्श नहीं करते। उनके मन और स्वयं उनमें कोई भेद नहीं है। वे हर वस्तु में उपस्थित हैं, किन्तु सामान्य व्यक्ति समझ नहीं पाता कि वे साकार रूप में उपस्थित हैं। वे भौतिक जगत से भिन्न हैं तो भी प्रत्येक वस्तु उन्हीं पर आश्रित है। इसे ही भगवान की योगशक्ति कहा गया है।

# (1 जनवरी 2022 पर विशेष) नव वर्ष 2022 पर लक्ष्य व संकल्प निर्धारित करें

**नरेन्द्र भारती**

नव वर्ष 2022 का आगाज हो चुका है। नया सवेरा हो चुका है । सूरज की किरणें निकल चुकी है।साल 2021 बीत चुका है।नव वर्ष 2022 में नए संकल्प व लक्ष्य निर्धारित करने होगें।नए साल में संकल्प लेने होगें कि आने वाला जीवन सुखमय रहे। भविष्य सुरक्षित रहे।नया साल सबके लिए सुखमय हो और समृद्धि लेकर आए।समय का सदुपयोग करें।समय के महत्व को समझना होगा और अपनी महत्वकांक्षाओं को पूरा करें।कभी भी समय को बरबाद मत करों । रास्ता भटक चुके लोगों को राह दें किसी को गुमराह न करें।अनजानें में हुई गलतियों को माफ कर दें।क्षमा दान सबसे बड़ा दान होता है।सदव्यवहार करें।किसी की भावनाओं से न खेलें।गुरुजनों का आदर करें उनकी अनदेखी न करें।सपनों को उडान दे और सपनों को साकार करें। जिदंगी में कभी भी उस आदमी को इग्नोर मत करना जिसने आपको उचांईयां दी हैं।आज के मतलबी संसार में बहुत कम लोग सहायता करते है।जानबूझकर की गई गलतियों को सुधारें।नई उर्जा के साथ राहों को सरल बनाएं।जो बीत गया उसे भूल जाएं अब नए काम को अंजाम देना होगा।बीते 2020 और 2021 में कोरोना महामारी ने विश्व में जो जख्म दिए ताउम्र रिसते रहेगें।2021 में नया वायरस ओमिक्रोन ने दस्तक दे दी है।प्रकृति ने अपना रौद्र रुप दिखाकर मानव से दानव बनते जा रहे इंसान को औकात बता दी है कि अभी भी संभलने का समय है।अगर अब भी गलतियां नहीं सुधारी तो अंजाम भुगतने के लिए तैयार रहे।प्रकृति कभी भेदभाव नहीं करती। प्रकृति को बचाना होगा।प्यार,भाईचारा बना रहे यह कामना रें।गलतियां ही सबक सिखाती है।मानव को ठोकरें ही चलना सिखाती है। कभी भी किसी का दिल मत दुखाना।मानवता कहती है के सबकी राह में फूल बिछाओ ताकि किसी के पांव मं कांटा न चुभ

सके।गरीबों के लिए लक्ष्य बनाएं कि कोई गरीब भूखा न रहे।समाज के लिए योगदान देना होगा।बुराईयों को मिटाना होगा।अन्धकार को मिटाना होगा। अच्छाई को अपनाना होगा।गलतियां इंसान से ही होती है।मगर उनको सुधारना होगा।नए जीवन का संचार होगा।युवाओं को बचाना होगा।निरोगी काया रखनी होगी।अच्छे की उम्मीद करनी होगी।कर्म करना होगा।सफल रणनीती बनानी होगी।संकल्पों को पुरा करना होगा।समस्याओं का समाधान करना होगा।जीवन में बदलाव लाना होगा। नफरत मिटानी होगी।सदभाव व प्रेमभाव अपनाएं ताकि एक स्वस्थ समाज का निर्माण हो सके।मानवता के लिए अपना जीवन सर्मपित करें।मानवता की सेवा सबसे बड़ा पुण्य है।मानवता की सेवा ही भगवान की सच्ची सेवा है।मानव जीवन अनमोल है। अपने लिए तो सभी जीते है मगर पीड़ितों व दीन-दुखियों की सहायता करने के लिए व उनके लिए जीने वाले चंद ही लोग होते है। भगवान व शमशान को हर रोज याद करना चाहिए। किसी को दुखी नहीं करना चाहिए।भगवान की लाठी जब पडती है तो उसकी आवाज नहीं होती । ईश्वर इस धरा के कण -कण में विद्यमान है ।भूखे को यदि रोटी दे दी जाए तो भूखे की आत्मा की तृप्ति देखकर जो आनन्द प्राप्त होगा वह सच्चा सुख है ।मानव को मानव की सहायता करनी चाहिए । जरुरतमंद इन्सान की सहायता करना सबसे बड़ा धर्म हैं। मानव सेवा ही नारायण सेवा है ।यह अटल सत्य है । संकल्प ले यह साल सबके लिए मंगलमय हो और सबको खुशियां मिले कोई गम न मिले। सत्कर्म करने होगें समाज को सुखमय बनाना होगा। नैतिक मूल्यों तथा संस्कारों व माननीय मृल्यों को बचाना होगा।वातावरण व पर्यावरण की रक्षा करनी होगी।स्वच्छता को बरकरार रखना होगा।जिम्मेवारियों को निभाना होगा।बुंराईया के खिलाफ लड़ना होगा।एक मशाल चलानी होगी ।अंधेरा मिटाना होगा।दानवों व दरिंदों व गिरगिटों का खात्मा करना होगा।प्रतिभा किसी की मोहताज नहीं होती।सफलता का कोई शार्टकट नहीं होता।हर गहरी व काली रात के बाद दिन का उजाला होता है।असफलताओं से मत घबराएं।सूरज को निकलने से कोई नहीं रोक सकता।इरादे मजबूत हो तो किस्मत को भी झुकना पड़ता है।हार के आगे जीत है।समय का प्रबंधन,निष्ठापूर्ण व योंजनाबद्ध तरीके से तैयारी सफलता का मूलमंत्र है। मजबूत इरादे कड़ी मेहनत व आत्मविश्वास से मंजिल को जरुर हासिल किया जा सकता है। असफलता से घबराएं नहीं बल्कि इससे सीख लेते हुए अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करे और भगवान पर भरोसा रखें।

# जिन्हें ईसा से नफ़रत है, 'मसीहाई' वह क्या जानें

### सूडोकु नवताल- 5939

✱✱✱✱✱ मध्यम

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | 5 | | | 8 | | | 3 |
| | 7 | | | 3 | 5 | | | |
| 3 | | | | | | 6 | | |
| | | | | | | | 8 | 5 |
| | 6 | | | 7 | | | 1 | |
| 4 | 2 | | | | | | | |
| | | 1 | | | | | | 8 |
| | | | 7 | 4 | | | 3 | |
| 6 | | | 2 | | | 7 | | |

Jagrutidaur.com, Bangalore

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते .
- पहेली का केवल एक ही हल है.

### सूडोकु नवताल -5938 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 9 | 4 | 8 | 7 | 5 | 1 | 6 | 2 | 3 |
| 3 | 7 | 5 | 6 | 4 | 2 | 1 | 8 | 9 |
| 6 | 2 | 1 | 3 | 9 | 8 | 4 | 7 | 5 |
| 4 | 1 | 3 | 8 | 6 | 7 | 9 | 5 | 2 |
| 5 | 8 | 6 | 9 | 2 | 4 | 3 | 1 | 7 |
| 2 | 9 | 7 | 5 | 1 | 3 | 8 | 4 | 6 |
| 8 | 6 | 4 | 2 | 7 | 9 | 5 | 3 | 1 |
| 7 | 3 | 9 | 1 | 8 | 5 | 2 | 6 | 4 |
| 1 | 5 | 2 | 4 | 3 | 6 | 7 | 9 | 8 |

**निर्मल रानी**

मानव इतिहास में ईसा मसीह का नाम प्रत्येक धर्म व जाति के लोगों द्वारा अत्यंत सम्मान से लिया जाता है। ईसाईयों का एक वर्ग ईसा को ईश्वर मानता है और प्रभु यीशु मसीह कहकर संबोधित करता है तो दूसरा वर्ग उन्हें खुदा का बेटा इसलिये कहता है क्योंकि उनका जन्म अविवाहित व पवित्र मां मरियम के पेट से ईश्वरीय चमत्कार से हुआ था। उधर मुसलमानों में भी ईसा को इसलिये पूरा सम्मान दिया जाता है क्योंकि मुस्लिम मान्यताओं के अनुसार धरती पर अवतरित होने वाले एक लाख चौबीस हज़ार पैग़म्बरों में ईसा भी एक थे। उन्होंने मुहम्मद साहब से पहले अवतार लिया था। धार्मिक मान्यताओं व विश्वासों से इतर ईसा मसीह धरती पर मानवता के लिये आदर्श मानव रूप में अवतरित हुये। करुणा,क्षमा,प्रेम,सेवा,सत्कार,शिक्षा,ग़रीबों,निर्बल,दुर्बल,असहाय,बीमार व कुष्ठ लोगों की सेवा को ही वे सबसे बड़ा धर्म व कर्तव्य मानते थे। किसी परोपकारी अथवा उद्धार करने वाले को मसीहा कहकर पुकारना ईसा के सेवा भाव का ही परिणाम है। आज भारत सहित पूरे विश्व में अनेकानेक शिक्षण संस्थान, अस्पताल, कुष्ठ रोगी अस्पताल,लावारिसों के लिये खुले होम्स आदि तमाम लोकहितकारी संस्थायें व संस्थान इन्हीं ईसा के मानने वालों द्वारा संचालित किये जा रहे हैं जिसका लाभ ईसाई तो कम ग़ैर ईसाई ज़्यादा उठा रहे हैं। भारत में अकेली मदर टेरेसा ने ही लाखों ग़ैर ईसाई अपेक्षित,तिरस्कृत व प्रताड़ित लोगों को नया जीवन प्रदान किया। सेवा भाव में



उनकी दूसरी मिसाल मौजूद नहीं। उनकी इन्हीं सेवाओं के लिये उन्हें भारत रत्न प्रदान किया गया था। परन्तु हर समय आँखों पर संप्रदायवाद का चश्मा लगाये रखने वालों को मानवता के प्रति इनकी सेवा,इनका त्याग व बलिदान नज़र नहीं आता। इन्हें सिर्फ़ यह दिखाई देता है कि चूँकि यह ईसाई संस्थायें हैं लिहाज़ा यह सारी सेवायें लोगों का धर्म परिवर्तन कराने के लिये ही की जाती हैं। सांप्रदायिकता की नज़रों से हर चीज़ को देखने वाले इन लोगों को यह भी बताना चाहिये कि मिशनरीज़ द्वारा चलाये जा रहे इन्हीं स्कूल व कॉलेज से शिक्षित होकर निकले करोड़ों छात्रों में से अब तक कितने छात्रों ने धर्म परिवर्तन किया और मिशनरीज़ संचालित अस्पतालों से स्वास्थ्य लाभ पाने वाले कितने मरीज़ों ने धर्म परिवर्तन किया ? इन्हें ईसा से भी दुश्मनी है,माँ मरियम से भी और अब तो गत 25 दिसंबर को हमारे देश में आगरा में तोहफ़े बांटने के प्रतीक सेंटा क्लॉज़ का भी पुतला यह कहकर फूँक दिया गया कि %धर्म परिवर्तन हेतु लालच देने के लिये सेंटा क्लॉज़ तोहफ़े बांटता है%। क्या पूरे विश्व में और इस परंपरा की शुरुआत से ही सेंटा क्लॉज़ धर्म परिवर्तन हेतु तोहफ़े बांटता है ? विश्व हिन्दू परिषद् के लोगों ने वाराणसी में भी सेंटा क्लॉज़ का पुतला फूंकने की योजना बनाई थी जिन्हें पुलिस ने नज़रबंद कर दिया क्योंकि पुलिस को कार्यक्रम की ख़बर पुतला दहन से पहले ही लग गई थी।

गत 25 दिसंबर को तो हरियाणा का अंबाला जिला भी इन संप्रदायिकतावादियों की चपेट में आ गया। अंबाला ज़िले की गिनती आम तौर पर देश के शांतिप्रिय ज़िलों में की जाती है। साम्प्रदायिक दंगों अथवा धर्म जाति आधारित नफ़रत अथवा संघर्ष का भी इस ज़िले अथवा शहर का कोई इतिहास नहीं है। परन्तु पिछले दिनों क्रिसमस के दिन अंबाला के इस शांतिपूर्ण वातावरण को न केवल अशांत करने का कुत्सित प्रयास किया गया बल्कि अंबाला को कलंकित भी कर दिया गया। अंबाला छावनी स्थित होली रिडीमर कैथोलिक चर्च के बाहर लगी यीशु मसीह की मूर्ति को कुछ असामाजिक तत्वों ने खंडित कर दिया। 1843 में निर्मित यह चर्च अंबाला छावनी के सबसे प्राचीन भवनों में प्रमुख है। बताया जाता है कि 1948 में इटेलियन कैपुचिन की निगरानी में होली रिडीमर कैथोलिक चर्च का निर्माण किया गया था। अंबाला के इतिहास की इस तरह की यह पहली घटना है जिसकी वजह से यहां रहने वाले ईसाई समुदाय के लोगों में अपने व अपने धर्मस्थलों की सुरक्षा के प्रति चिंता को बढ़ा दिया है।

## सुंदर संतृप्ति...



सुख में अब थोड़ी वृद्धि है,
मन की सुंदर संतृप्ति है,
प्रेम की प्रियतम के ये शक्ति
है
संबद्ध है प्रेम का सागर
ईश्वरीय भाषा की अभिव्यक्ति
है...

अभिज्ञ थे अनभिज्ञ हुए,
अशक्त से सशक्त हुए,
अतिरिक्त, अलक्ष्य, अयोग्य
से अब योग्य हुए...
कुछ लोग मिले जो साथ
चले
मन करता मनमीत की भक्ति
है,
सुख में अब थोड़ी वृद्धि है,
मन की सुंदर संतृप्ति है ।

भय, बाधित थे अबाध्य बने
साधन थे अब साध्य बने,
अपूर्ण, विक्षिप्त थे
नैतिक, सात्विक अब पूर्ण
बने,
प्रेम की मनमोहक बेला
हृदयाघात की मरहम पट्टी है
सुख में अब थोड़ी वृद्धि है,
मन की सुंदर संतृप्ति है ।

**लेखिका-**
**कु. मेघा शर्मा**
**आर्मी शिक्षिका**
**झाँसी, (उ. प्र.)**
**निवासी - शिवपुरी (म. प्र.)**

# स्वस्थ और खूबसूरत त्वचा पाना चाहते हैं तो घर पर बनाएं चकोतरा के ये फेस मास्क



खट्टे-मीठे स्वाद से भरपूर चकोतरा कई पोषक तत्वों का खजाना है, लेकिन कम ही लोग जानते हैं कि इसके इस्तेमाल से त्वचा को अनेकों लाभ मिल सकते हैं। चकोतरा विटामिन-सी और कई ऐसे गुणों से समृद्ध होता है, जो त्वचा को हाइड्रेट और स्वस्थ रखने के साथ-साथ निखारने में मदद कर सकते हैं। चलिए फिर आपको चकोतरा के कुछ ऐसे फेस मास्क की रेसिपी बताते हैं, जिनका इस्तेमाल त्वचा के लिए लाभदायक है।

### चेहरे से दाग-धब्बे दूर करने में मदद करता है यह फेस मास्क

**सामग्री:** एक पका चकोतरा। फेस मास्क बनाने और लगाने का तरीका: सबसे पहले मिक्सी में चकोतरा को अच्छे से पीसकर एक कटोरी में निकाल लें, फिर इस पेस्ट को अपने चेहरे और गर्दन पर लगाएं। 20 मिनट के बाद गुनगुने पानी से चेहरे और गर्दन को धो लें। फायदा: यह फेस मास्क चेहरे और गर्दन की गहराई से सफाई करने के साथ-साथ दाग-धब्बों और झाइयों से छुटकारा दिला सकता है।

### बढ़ती उम्र के प्रभावों से राहत पाने के लिए ऐसे बनाएं फेस मास्क

**सामग्री:** एक बड़ी चम्मच चकोतरा का पाउडर, एक चम्मच शहद, दालचीनी का आधी बड़ी चम्मच पाउडर और एक बड़ी चम्मच दूध। फेस मास्क बनाने और लगाने का तरीका: एक कटोरी में इन सभी सामग्रियों को अच्छे से मिला लें, फिर इस मिश्रण को अपने पूरे चेहरे पर लगाकर इसे 15 मिनट के लिए ऐसे ही छोड़ दें। इसके बाद चेहरे को ठंडे पानी से धो लें। फायदा: यह बढ़ती उम्र के प्रभावों को कम कर सकता है।

### मुंहासों से राहत दिला सकता है यह फेस मास्क

**सामग्री:** एक चकोतरा, एक छोटी चम्मच शहद और एक बड़ी चम्मच गुलाब जल। फेस मास्क बनाने और लगाने का तरीका: सबसे पहले एक कटोरी में इन सभी सामग्रियों को अच्छे से मिला लें। अब इस मिश्रण को अपने चेहरे पर लगाकर 20 मिनट के लिए ऐसे ही छोड़ दें और फिर ठंडे पानी से अपने चेहरे को धो लें। फायदा: मुंहासे रहित त्वचा पाने के लिए इस फेस मास्क का इस्तेमाल बहुत फायदेमंद हो सकता है।

### चेहरे को चमकदार बनाने में सहायक है यह फेस मास्क

**सामग्री:** एक चकोतरा, एक चम्मच ओट्स का पाउडर, एक चम्मच शहद और एक चम्मच अंडे का पीला हिस्सा। फेस मास्क बनाने और लगाने का तरीका: एक कटोरी में सभी सामग्रियों को अच्छे से मिला लें, फिर इस मिश्रण को अपने पूरे चेहरे पर लगाकर इसे 20 मिनट के लिए ऐसे ही छोड़ दें। इसके बाद ठंडे पानी से चेहरा धो लें। फायदा: इससे न केवल त्वचा से मृत कोशिकाओं को हटाने में मदद मिलेगी बल्कि चेहरे पर चमक भी आएगी।

## न्यूट ब्लैंच की हिन्दी रीमेक होगी शाहिद और अली अब्बास की अगली फिल्म



अभिनेता शाहिद कपूर ने बॉलीवुड में अपना एक अलग मुकाम हासिल है। मौजूद दौर के वह व्यस्त अभिनेताओं में शुमार किए जाते हैं। वह काफी समय से फिल्ममेकर अली अब्बास जफर की आगामी फिल्म को लेकर सुर्खियां बटोर रहे हैं। अब फिल्म से संबंधित एक रोचक जानकारी सामने आई है। खबरों की मानें तो शाहिद और अली अब्बास की अगली फिल्म न्यूट ब्लैंच की हिन्दी रीमेक होगी। न्यूट ब्लैंच एक फ्रेंच फिल्म है। रिपोर्ट में दावा किया गया है कि शाहिद और अली अब्बास की अगली फिल्म न्यूट ब्लैंच की हिन्दी रीमेक होगी। एक सूत्र ने कहा, अली अब्बास ने न्यूट ब्लैंच की रीमेक के अधिकार हासिल किए हैं, जिसे अंग्रेजी में स्लीपलेस नाइट्स के टाइटल के साथ बनाया गया है। यह एक ऐसी फिल्म है, जिसमें तोमर सिसली मुख्य भूमिका में हैं। यह एक्शन थ्रिलर फिल्म 2011 में रिलीज हुई थी। एक सूत्र ने कहा कि 2011 में आई यह फिल्म एक पुलिस वाले के इर्दगिर्द घूमती है। उस पुलिस वाले का अंडरवर्ल्ड के साथ संबंध तब सामने आता है, जब वह एक शक्तिशाली ड्रग माफिया से ड्रग्स चुराने की कोशिश करता है। इसके बाद उसके बच्चे की जान खतरे में पड़ जाती है। फिल्म में यह दिखाया जाएगा कि वह अपने बच्चे को कैसे बचाता है। खबरों की मानें तो शाहिद फिल्म में पुलिस वाले की भूमिका में नजर आएंगे। शाहिद एक ऐसे पुलिस वाले की भूमिका निभाएंगे, जिसकी बेटी का गैंगस्टर या ड्रग माफिया द्वारा अपहरण कर लिया जाता है।

## मैं कभी किश्तों में प्यार नहीं करती: राधिका मदान



अपनी आगामी रोमांटिक फिल्म शिद्दत की रिलीज के लिए तैयार अभिनेत्री राधिका मदान ने अपनी लव लाइफ के बारे में बात की है। वह कहती है कि वह किश्तों में प्यार नहीं करती। राधिका ने कहा, मुझे हमेश शिद्दत वाला प्यार ही होता है। राधिका ने कहा कि किश्तों वाला प्यार मेरे मैं है ही नहीं। नाप तोल के मैं प्यार कर ही नहीं सकती। राधिका ने 2014 में टेलीविजन शो मेरी आशिकी तुम से ही से अभिनय में अपना करियर शुरू किया। इसके बाद उन्होंने 2018 में पटाखा से बड़े पर्दे पर कदम रखा। इरफान खान-स्टारर अंग्रेजी मीडियम और वेब सीरीज रे में उनके अभिनय की दर्शकों और आलोचकों ने समान रूप से प्रशंसा की। 26 वर्षीय अभिनेत्री का लक्ष्य स्क्रीन पर अपने हर किरदार के साथ आगे बढ़ना है। उन्होंने कहा कि मैं सिर्फ पूरी ईमानदारी के साथ किरदार निभाने की कोशिश करती हूं और मैं हर किरदार में अपना 200 प्रतिशत देने की कोशिश करती हूं। मैं बस हर किरदार को अपना सब कुछ देना चाहती हूं। राधिका ने कहा कि यह रोमांचक भी हो जाता है क्योंकि अगर मैं अपने कम्फर्ट जोन में रहती हूं और वही करती हूं जो मैंने पहले किया है, तो मैं बस अपने कम्फर्ट जोन में रहूंगी और फिर मैं बढ़ना बंद कर दूंगी। मैं बस अंत तक बढ़ना चाहती हूं। मेरे जीवन का लक्ष्य यही है, और यही मुझे प्रेरित करता है। उन्होंने कहा कहा कि आप अपने जीवन के विभिन्न चरणों में अलग-अलग चीजें सीखते हैं और मैं उन सीखों को अपने पात्रों में भी रखना पसंद करती हूं।

# सनी देओल के छोटे बेटे राजवीर भी सिनेमा की दुनिया में दस्तक देने तैयार



सनी देओल ने फिल्म पल पल दिल के पास से अपने बड़े बेटे करण को फिल्मों में लॉन्च किया था और अब उनके छोटे बेटे राजवीर भी सिनेमा की दुनिया में दस्तक देने वाले हैं। यह तो आप जानते हैं कि सूरज बड़जात्या उन्हें बॉलीवुड के दर्शन कराएंगे, लेकिन शायद इस बात से नावाकिफ होंगे कि फिल्म के लिए निर्माता-निर्देशक की पहली पसंद कार्तिक आर्यन थे। राजवीर की एंट्री उनके बाद हुई है।

रिपोर्ट के मुताबिक, इस फिल्म के लिए सबसे पहले अभिनेता कार्तिक आर्यन से संपर्क किया गया था। हालांकि, कार्तिक ने फिल्म साइन क्यों नहीं की, फिलहाल यह जानकारी नहीं मिली है। उनके बाद जावेद जाफरी के बेटे मिजान जाफरी से बात की गई, लेकिन फिर राजवीर को फिल्म में साइन किया गया। राजवीर पिछले काफी समय से बॉलीवुड में आने की तैयारी कर रहे थे और अब वह अपनी फिल्मी पारी शुरू करने के लिए तैयार हैं। राजवीर की पहली फिल्म के निर्माता सूरज बड़जात्या हैं। फिल्म राजश्री प्रोडक्शन के बैनर तले बन रही हैं। सूरज बड़जात्या के बेटे अवनीश बड़जात्या इस फिल्म के निर्देशन की कमान संभालेंगे। उन्होंने ही फिल्म की कहानी लिखी है। यह रोमांटिक कॉमेडी फिल्म एक लव स्टोरी पर आधारित होगी। फिल्म से जुड़े अन्य कलाकारों का नाम अभी सामने नहीं आया है। राजवीर के साथ किसी नई हसीना को फिल्म में कास्ट किया जाएगा। धर्मेंद्र ने इस साल मार्च में सोशल मीडिया पर राजवीर की तस्वीर साझा करते हुए लिखा था।

## सलमान खान की जिंदगी पर बनेगी वेब सीरीज, खुल सकते हैं एक्टर से जुड़े कई बड़े राज



काफी सालों पहले सलमान खान ने कहा था कि उन पर डॉक्यूमेंट्री बनाना कितना मुश्किल काम है, लेकिन अब लगता है खुद सलमान ने इस काम का जिम्मा लिया है। वह अपनी जिंदगी के पन्ने पलटने के लिए तैयार हैं। सुनने में आ रहा है कि सलमान खान ने ओटीटी प्लेटफॉर्म के साथ एक तगड़ी डील साइन कर ली है। यह डॉक्यूमेंट्री सलमान के सुनहरे सफर को दिखाएगी। इस बारे में और क्या जानकारी मिली है, आइए जानते हैं। रिपोर्टों के मुताबिक, सलमान पर एक डॉक्यूमेंट्री सीरीज बनने जा रही है, जो उनकी जिंदगी के लगभग 60 साल के सफर और उनके करियर के 30 साल से ऊपर के सफर को दिखाएगी। इस सीरीज में सलमान और उनके दोस्त, रिश्तेदार, साथ काम करने वाले निर्देशक और साथी कलाकारों के इंटरव्यू शामिल होंगे। खास बात यह है कि सलमान विज फिल्म्स और अप्लॉज एंटरटेनमेंट के साथ मिलकर इस सीरीज को प्रोड्यूस करेंगे। यह सीरीज ओटीटी प्लेटफॉर्म पर रिलीज होगी। सलमान खान आजकल फिल्म टाइगर 3 की शूटिंग कर रहे हैं। रूस में शूटिंग करने के बाद इस फिल्म की टीम तुर्की के लिए रवाना हुई थी, जहां तीन हफ्ते तक सलमान और कैटरीना कैफ ने फिल्म के एक्शन सीक्वेंस और एक स्पेशल सॉन्ग की शूटिंग की। टीम ने अब अगले शेड्यूल के लिए ऑस्ट्रिया की राजधानी वियना की ओर रुख किया है। बता दें कि टाइगर फ्रेंचाइजी की पिछली दोनों फिल्मों ने बॉक्स ऑफिस पर धमाल मचाया था।

## आशी सिंह ने मीत में अपनी भूमिका के लिए कार का इंजन ठीक करना सीखा



शो मीत में मीत हुड्डा के रूप में नजर आने वाली अभिनेत्री आशी सिंह को उनका किरदार वास्तव में चुनौतीपूर्ण लगता है और उनका कहना है कि उन्हें अपने किरदार को समझने और उसे व्यक्तित्व में उतारने में कई महीने लग गए। भूमिका की तैयारी के दौरान उन्हें कई परीक्षणों और कार्यशालाओं से गुजरना पड़ा। वास्तव में, उन्होंने कार के इंजन को ठीक करना भी सीखा और इसे करते समय अपना हाथ भी जला दिया। इन सभी चुनौतियों के बावजूद आशी अपनी भूमिका के लिए आवश्यक हर चीज सीखने में सफल रही। अपने अनुभव के बारे में बात करते हुए, आशी ने खुलासा किया, जब से मैंने शो के लिए साइन अप किया है, तब से मीत मुझे चुनौती दे रही है। मुझे कहना होगा कि इस चरित्र से ज्यादा उत्तेजक कुछ भी नहीं है। पिछले कुछ महीनों में मेरे लिए यह एक रोलर-कोस्टरराइड रहा है। सच कहूं तो, मैं मीत जितनी मजबूत नहीं हूं और उसके किरदार में आने के लिए, मुझे पहले खुद को मजबूत बनाना था। मुझे बहुत सी नई चीजें भी सीखनी थीं। शुरूआती कुछ दिन लगाने वाले थे, लेकिन समय के साथ, सब कुछ ठीक हो गया। एक शॉट भी था जहां मुझे कार का इंजन ठीक करना था और मुझे लगता है कि यह सबसे कठिन था वह काम जो मैंने आज तक किसी भी किरदार के लिए किया है और इसे करते हुए कई बार अपना हाथ भी जलाया है। आशी के मुताबिक इस पूरी अवधि के दौरान उन्होंने कई नई चीजें सीखीं और यह इस भूमिका के बारे में सबसे अच्छी बात है। उन्होंने आगे कहा, मीत बनने का सफर थोड़ा मुश्किल रहा है, लेकिन मुझे बहुत सी नई चीजें भी सीखने को मिलीं, जिनके बारे में मैंने कभी नहीं सोचा था कि मैं अपने जीवन में कभी करूंगी।

# दोमुंहे बाल हो गए हैं तो काटिए मत, इन हेयर मास्क की मदद से पाएं छुटकारा



लंबे, काले और घने बालों की चाहत हर किसी को होती है, लेकिन अनियंत्रित जीवनशैली और बालों का सही से ध्यान न रखने की वजह से अब बालों से जुड़ी समस्याएं आम होती जा रही हैं। इसमें बालों की दोमुंहे समस्या भी शामिल है जिससे छुटकारा पाने के लिए लोग बालों को कटवा देते हैं, लेकिन यही अंतिम विकल्प नहीं है। अगर आप भी इस समस्या से परेशान हैं तो ये हेयर मास्क आपके लिए मददगार साबित हो सकते हैं।

### अरंडी और नारियल के तेल का हेयर मास्क

**सामग्री:** दो चम्मच अरंडी का तेल और दो चम्मच नारियल का तेल। इस्तेमाल करने का तरीका: सबसे पहले एक कटोरी में दोनों तेलों को डालकर अच्छे से मिला लें। फिर तेल को थोड़ा-थोड़ा हाथों में लेकर बालों में अच्छे से लगाएं। इसके बाद बालों को शॉवर कैप से कवर करके एक या दो घंटे के लिए बालों में तेल को लगा रहने दें। इसके बाद बालों को शैंपू से धो लें। अच्छे परिणास्वरूप हफ्ते में एक-दो बार इसका इस्तेमाल करें।

### एवोकाडो हेयर मास्क

**सामग्री**: आधा एवोकाडो और दो चम्मच बादाम का तेल। इस्तेमाल करने का तरीका: सबसे पहले एक कटोरी में एवोकेडो को अच्छे से मैश कर लें। फिर उसमें बादाम के तेल को डालकर मिक्स कर लें। इसके बाद इस मिश्रण को अपने बालों की जड़ों से लेकर सिरे तक लगाकर बालों को शॉवर कैप से कवर कर दें और लगभग एक घंटे के लिए छोड़ दें। अंत में बालों को शैंपू से धो लें। हफ्ते में एक बार इसका इस्तेमाल करें।

### शहद का हेयर मास्क

**सामग्री:** दो से तीन चम्मच शहद, एक चम्मच नारियल का दूध और तीन चम्मच दूध। इस्तेमाल करने का तरीका: एक कटोरी में सभी सामग्रियों को डालकर अच्छे से मिला लें। फिर इस मास्क को पूरे बालों में अच्छे से लगा लें। इसके बाद एक से दो घंटे के लिए सिर को शॉवर कैप से कवर कर छोड़ दें। अंत में बालों को शैंपू से धो लें। इस प्रक्रिया को हफ्ते में दो बार दोहराएं।

### पपीते का हेयर मास्क

**सामग्री:** आधा कप कटा हुआ पपीता (पका हुआ), एक चम्मच दही और एक चम्मच बादाम। का तेल इस्तेमाल करने का तरीका: सबसे पहले पपीते को अच्छी तरह मैश कर लें।

## फिल्मों में विवधतापूर्ण भूमिकाएं हमेशा आकर्षित करती हैं : दिव्या दत्ता



दिव्या दत्ता हिंदी फिल्म इंडस्ट्री की एक जानी मानी अभिनेत्रियों में से एक हैं। अपनी शानदार एक्टिंग की वजह से उन्होंने नेशनल ऑवार्ड से लेकर कई ऑवार्ड अपने नाम किए हैं। उन्होंने कहा कि उन्हें विविधतापूर्ण भूमिकाएं करने में मजा आता है। दिव्या ने कहा हर फिल्म को कुछ सीखने का एक नया पड़ाव मानकर स्वीकार करती हैं। मुझे एक जैसी भूमिकाएं पसंद नहीं आतीं, हालांकि कई बार व्यावसायिक दवाब में उन्हें स्वीकार करना पड़ता है। दिव्या ने कहा आज भी किसी प्रोजेक्ट के सेट पर पहला दिन या किसी फिल्म के रिलीज से पहले घबरा जाती हूं। दिव्या ने यह भी खुलासा किया है कि मैं उन डायरेक्टर्स के साथ काम नहीं करती जो सेट पर कहते हैं कुछ भी कर दो। दिव्या कहती हैं किसी भी एक्टर के लिए फिल्म रिलीज की तारीफ परीक्षा के परिणाम की तरह है। आपने किसी चीज पर मेहनत की है तो इसके परिणाम का इंतजार रहता है। हमारे मामले में हम अपनी फिल्म में भूमिकाओं पर काम करते हैं। मुझे यह कहने में कोई शर्म नहीं है कि आज भी मुझे फिल्म के रिलीज पर घबराहट होती है और मुझे इस घबराहट पर गर्व है। दिव्या की हालिया रिलीज शीर कोरमा को खूब तारीफे मिल रही है।

# हर बूथ पर पांच यूथ तैयार करेगी युवा कांग्रेस : ओक्षा

***दैनिक पुष्पांजली टुडे***

**भिण्ड ।** युवा कांग्रेस भिंड विधानसभा की बैठक अध्यक्ष विक्रम प्रताप सिंह कुशवाह ने आयोजित की उक्त बैठक में युवा कांग्रेस के राष्ट्रीय सचिव और प्रदेश प्रभारी शेष नारायण ओझा ने कहा की युवा कांग्रेस हर बूथ पर 5 युवाओं को सदस्य बनाएगी और उनको ट्रेनिंग देकर पार्टी की विचारधारा से जोड़ा जाएगा शहर कांग्रेस कार्यालय पर आयोजित कार्यकर्ता बैठक में रखें उन्होंने कहा कि इस समय देश में बेरोजगारी विकराल रूप धारण कर रही है सरकार रोजगार निकाल रहे हैं लेकिन लोगों को रोजगार दे नहीं रही हैं सरकार रोजगार देने के नाम पर युवाओं के साथ ठगी कर रही है परीक्षा के लिए फार्म भरे जाते हैं आखिरी समय में परीक्षा कैंसिल कर दी जाती है उत्तर प्रदेश में योगी सरकार ने हाल ही में टेट परीक्षा का पेपर आउट करा करा दिया जो छात्रओं के साथ बहुत बड़ा छलावा है युवा पहले ही बेरोजगारी की मार झेल रहा है ऊपर से सरकारें इस तरह का व्यवहार कर रही हैं।



इस अवसर पर शहर कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष डॉ राधेश्याम शर्मा ने कहा कि मोदी सरकार लोगों को हर साल दो करोड़ रोजगार देने का वादा कर रही है लेकिन रोजगार देने के नाम पर छीनने का काम कर रही है पिछले पिछले कुछ वर्षों से सरकार द्वारा किसी भी प्रकार की भर्ती नहीं की गई है अगर भर्ती के लिए विज्ञप्ति निकाली गई है तो परीक्षा एवं इंटरव्यू नहीं हुए हैं इस वक्त देश का युवा बहुत परेशान है मध्य प्रदेश में सरकार फार्म भरवा लेती है और परीक्षाएं आयोजित नहीं करती देश में इस समय बेरोजगारी चरम पर है बेरोजगारी के साथ देश में महंगाई भी बढ़ रही है पेट्रोल ?110 लीटर डीजल ?100 लीटर 1 हजार रुपए सिलेंडर है सरसों का तेल ?200 लीटर है। कार्यकर्ता बैठक को पूर्व राष्ट्रीय सचिव अनिरुद्ध प्रताप सिंह,प्रदेश सचिव जिला प्रभारी तारीक ,पठान प्रदेश सचिव कुलदीप शर्मा,प्रदेश सचिव शालू पुरोहित ,प्रदेश सचिव अतुल मिश्रा ,जिला अध्यक्ष युवा कांग्रेस राजकुमार देशलहरा, नगर कांग्रेस अध्यक्ष संतोष त्रिपाठी ,आशुतोष शर्मा रेखा भदोरिया ,आशीर्वाद शर्मा ,राहुल कुशवाह, राजू लोधी और विक्रम कुशवाह ने संबोधित किया उक्त बैठक में बलराम जाटव, अजय विमल, कौशलेंद्र सिंह राजावत ,आशीष भारद्वाज ,कुलदीप भारद्वाज ,नीरज त्रिपाठी कमलेश जाटव वेद प्रकाश श्रीवास्तव, पिंटू शर्मा ,रामजी लाल शाक्य, अनीस कुरैशी ,अजय दुबे, अंकित तोमर, गौरव भदोरिया ,अभय राजावत ,राजीव जाटव ,वरदान गौतम, सकेत पुरोहित, दीपेंद्र राजावत, आशीष सोनी,अरविंद सोनी आदि कांग्रेश जन उपस्थित रहे।

## सीरवी नवयुवक मंडल के चुनाव को लेकर बैठक आयोजित हुई

**पुष्पाजंली टूडे**



**जोधपुर ¬%**भावी कस्बे में गुरुवार को श्री आई माता मंदिर में सीरवी नवयुवक मण्डल के चुनाव को लेकर बैठक आयोजित हुई । बैठक में गांव के सीरवी समाज के युवाओं ने भाग लिया ।नवयुवक मण्डल के चुनाव में पर्यवेक्षक के रूप में बिलाड़ा परगना समिति के चंदरसिंह राठौड़ एवं देवीसिंह राठौड की देखरेख में चुनाव आयोजित हुए जिसमे भावी के समाजसेवी जगदीश सीरवी को सर्वसम्मति से अध्यक्ष पद पर एक स्वर से चुना गया ,इस मौके पर अध्यक्ष जगदीश सीरवी ने कहा कि समाज की प्रतिभाओ को निखारना ही टीम का लक्ष्य होगा साथ ही समाज को हर वर्ग में आगे लाना भी प्रथम उद्देश्य रहेगा ।इस कार्यक्रम में उपाध्यक्ष पद पर जितेंद्र गहलोत ओर ओमप्रकाश पीडियार ,सचिव पद अणदाराम आगलेचा, कोषाध्यक्ष पद पर शेषाराम बर्फा ,सह सचिव पद पर युवा नेता देवेंद्र पीडियारिया ,खेल कूद प्रभारी दिनेश पीडियारिया ,प्रतिभा सम्मान प्रभारी बगदाराम बर्फा, सांस्कृतिक प्रभारी महेंद्र बर्फा,मीडिया प्रभारी शिक्षा प्रभारी विष्णु पितावत,चिकिस्ता प्रभारी जगदीश बर्फा, एवं प्रवक्ता गोविन्द सीरवी यात्रा एवं रेल प्रभारी सुनील भायल स्टेशन मास्टर साथिन,इस मौके पर सरपंच सुराराम सीरवी, जोधाराम बर्फा,नारायणराम, भवर लाल बर्फा, नारायण राम,लादूराम ,शंकर लाल बर्फा,अशोक गहलोत, बाबूलाल, हनुमानराम ,दिलीप पितावत सहित कई समाज के गणमान्य लोग मौजूद थे ।ये जानकारी गोविंद सीरवी द्वारा दी है

## वन-टू-वन

### श्यामू ठाकुर का दतिया भाजपा मीडिया प्रभारी बनाए जाने पर ग्वालियर आगमन पर हुआ जोरदार स्वागत



वरिष्ठ समाजसेवी एवं समाज सेवा टीम के संयोजक श्यामू ठाकुर को भाजपा प्रदेश अध्यक्ष विष्णु दत्त शर्मा मध्य प्रदेश के गृह जेल विधि विधाई मंत्री नरोत्तम मिश्रा जी दतिया भाजपा जिला अध्यक्ष सुरेंद्र बुधौलिया जी के द्वारा दतिया भाजपा का मीडिया प्रभारी बनाया गया इस अवसर पर समाजसेवी एवं भाजपा जिला भाजपा मीडिया प्रभारी श्यामू ठाकुर ग्वालियर पहुंचे और ग्वालियर पहुंचने पर ग्वालियर प्रथम नगर आगमन पर साईं डेंटल केयर डॉक्टर अभिषेक घनघोरिया जी ने फूल माला एवं शॉल श्रीफल से सम्मानित किया एवं मिठाई खिलाकर श्यामू ठाकुर को शुभकामनाएं दी। इस अवसर पर वरिष्ठ समाजसेवी श्यामू ठाकुर ने कहा कि मुझे वरिष्ठ नेतृत्व के द्वारा जो जिम्मेदारी सौंपी गई है मैं उनका दिल से आभार व्यक्त करता हूं और अपनी जिम्मेदारी हमेशा बड़े ही निष्ठा एवं ईमानदारी से निभाउंगा।

### खेल प्रतियोगिता का आयोजन के लिए तैयारियां शुरू



मैसूरु–क्रिड़ा भारती मैसूरु के तत्वावधान में आगामी 5 जनवरी से 11 जनवरी तक खेल प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा हैं द्य जिले भर में खेल प्रतियोगिता आयोजन को लेकर जोर शोर से तैयारियां की जा रही हैं द्य जिसमें भाग लेने के लिए मैसूरु सांसद प्रताप सिम्हा,विधायक रामदास,विधायक एल नागेंद्र,महापौर सुनंदा पालनेत्रा को निमंत्रण दिया गया द्य तथा 19 जनवरी को खेल सम्मेलन समिति द्वारा कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा द्य भाग लेने वाले सभी खिलाड़ियों, शिक्षकों,दर्शको एवम् आयोजको के खान पान की व्यवस्था जैन समाज द्वारा की गई हैं।इस दौरान खेल सम्मेलन के सचिव महेंद्र प्रसाद, खेल सम्मेलन समिति के कार्याध्यक्ष अमृत पुरोहित, सम्मानित सदस्य पृथ्वी सिंह चांदावत आदि उपस्थित रहे

### बदरवास में क्रिकेट टूर्नामेंट का हुआ शुभारंभ



**राकेश परिहार पीटीवी न्यूज़ पिछोर, 9691338626**

**पिछोर,** तहसील के अंतर्गत आने वाली ग्राम पंचायत बदरवास में नवयुवक द्वारा क्रिकेट टूर्नामेंट का हुआ शुभारंभ जिसमें क्षेत्र की कई क्रिकेट टीमें टूर्नामेंट शुभारंभ में उपस्थित रहीं साथ ही क्रिकेट टूर्नामेंट का शुभारंभ करते हुए भारतीय राष्ट्रीय गीत से खिलाड़ियों ने शुरुआत की जिसमें राष्ट्रीय गीत गाकर क्रिकेट टूर्नामेंट का शुभारंभ किया जिसमें कई वरिष्ठ जन मुख्य रूप से क्रिकेट टूर्नामेंट के शुभारंभ में उपस्थित रहे और क्रिकेट खिलाड़ियों के लिए बड़े हर्ष की बात है ग्राम बदरवास में क्रिकेट टूर्नामेंट का आयोजन किया जा रहा है जिसमें दूर दूर से आई हुई क्रिकेट टीम अपनी-अपनी किस्मत लड़ा रहे हैं।

## अवैध शराब पर नहीं लग पा रही लगाम, खानापूर्ति कर लौट जाते आबकारी विभाग के अफसर

**दैनिक पुष्पांजली टुडे बृजपाल सिंह गुर्जर**

मेहगांव मेहगांव सहित ग्रामीण क्षेत्रों में धड़ल्ले से अवैध शराब बेची जा रही है हालांकि इसकी जानकारी आबकारी विभाग के वरिष्ठ अधिकारियों को भी है। लेकिन विभागीय अफसरों के द्वारा महज छोटी मोटी कार्रवाई करके खानापूर्ति कर ली जाती है। वहीं सार्वजनिक स्थानों पर भी शराब का सेवन करने वालों के विरुद्ध भी कोई कार्यवाही नहीं हो पाने से नागरिकों को अच्छी-खासी असुविधा का सामना करना पड़ रहा है।मेहगांव भिण्ड तिराहे पर शराब के ठेके से शराब की बोतल लेकर लोगों ने कृषि उपज मंडी को ही शराब का अड्डा बना डाला। वहीं शराब दुकान से ही सांठ गांठ कर ऊंची कीमत वसूल कर अवैध शराब बेचने का काम क्षेत्र में लगातार किया जा रहा है। मेहगांव क्षेत्र में संचालित शराब की दुकानों पर रेट से अधिक दाम वसूल कर लोगों को शराब बेची जा रही है। जब कुछ लोग इसका विरोध करते हैं तो दुकानदार के द्वारा विवाद शुरू कर दिया जाता है। कई बार लोग आबकारी विभाग के अधिकारियों से भी शिकायत की जा चुकी है इसके बाद भी अब तक कोई कार्यवाही नहीं हुई है। आखिरकार शराब माफिया पर इतना मेहरबान क्यो है आबकारी विभाग।




**गोरमी पुलिस की छापेमारी में आबकारी विभाग भी शक के दायरे में:** मेहगांव विधानसभा के गोरमी थाने के द्वारा लाखों रुपए की शराब पकड़ी गई और बड़ी कार्यवाही संपन्न हुई। लेकिन इतने बड़े शराब के कारोबार व लाखों रुपये की फर्जी जहरीली शराब बनाने वालों की खबर आबकारी विभाग के कानों तक नही पहुँचती है ऐसे में यही माना जा सकता है कि आबकारी विभाग की सांठ गांठ के चलते कानों में रुई लगाकर बैठा है आबकारी विभाग

**मेहगांव शराब के ठेके अधिक रात तक खुले रहते है:** मेहगांव अंग्रेजी एवं देशी शराब के ठेके सुबह 6 बजे से शुरू होकर रात को 12 बजे तक संचालित हो रहे है। सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार शराब के ठेकेदार चौहान की भी आबकारी विभाग के साथ सांठ गांठ से दिन रात धड़ल्ले से गाँव मे शराब की सप्लाई चल रही है।

## हत्या एवं लूट के आरोपियों को सुनाई आजीवन कारावास एवं अर्थदंड की सजा

**गोहद** -संजीव हत्याकांड में मुख्य आरोपियों को न्यायालय श्री दीपराज कवड़े ने हत्या एवं लूट के आरोपियो को आजीवन कारावास की सजा एवं पांच - पांच हजार का अर्थदंड की सजा सुनाई अपर लोक अभियोजक दीवान सिंह गुर्जर के अनुसार फरियादी दीपक पुत्र बाबूलाल गुप्ता निवासी गोहद ने 17/04/2010 को थाना गोहद में रिपोर्ट की कि कृषि मंडी में सरसों की खरीद के लिए स्टेट बैंक से 2280000 (बाईसलाख अस्सी हजार)रुपए लेकर जा रहा था तभी रास्ते में मोटरसाइकिल खराब हो गई तो संजीव पैदल पैदल घर की ओर चल दिया उसी समय काली मोटरसाइकिल पर तीन लोग सवार होकर आए और कनपटी पर पिस्टल लगाकर फायर कर दिया और बैग छीन ले गए संजीव ने जब पीछा किया तो बदमाश ने गोली मार दी जिससे संजीव की घटनास्थल पर ही मौत हो गई पुलिस ने अपराध क्रमांक 73/10 में धारा 302, 307, 394, 397 आईपीसी एवं 11/13 डकैती के तहत मामला दर्ज किया विवेचना उपरांत मामला न्यायालय में पेश किया गया जहां न्यायालय ने सुनवाई करते हुए आरोपी सर्वेश पुत्र प्रेम नारायण अग्निहोत्री निवासी देवन पुरवा थाना कुठौंद जिला जालौन,सतीश पुत्र धनीराम शर्मा निवासी गांगुली हार बागचीनी, रामप्रीत गुर्जर पुत्र आदिराम गुर्जर निवासी रते का पुरा एंडोरी मुरारी पुत्र आदिराम गुर्जर रते का पुरा एंडोरी एवं जयवीर पुत्र मुरारी गुर्जर निवासी रते का पुरा एंडोरी को न्यायालय ने धारा 302,34 में आजीवन कारावास एवं दो-दो हजार का अर्थदंड वहीं धारा 394,397 में 7 वर्ष की सजा एवं ?1000 का अर्थदंड,307 में 7 वर्ष की सजा एवं ?1000 का अर्थ 11/13 में 3 वर्ष की सजा एवं एक एक हजार के अर्थदंड की सजा पांचों आरोपियों को सुनाई वही सतीश पर आर्म्स एक्ट की धारा 25 के तहत 1 वर्ष की सजा एवं एक हजार का अर्थदंड एवं धारा 27 में 3 वर्ष की सजा एवं ?1000 के अर्थदंड से भी दंडित किया गया।



## कैलारस क्षेत्र की खुशहाली के लिए कैलारस के किन्नरों ने नाच गाकर दरगाह पर चढ़ाई चादर

**मुरैना से गौरव शर्मा पुष्पांजलि टुडे**

**कैलारस-** क्षेत्र की खुशहाली के लिए कैलारस नगर में किन्नरों ने रानी नायक किन्नर के नेतृत्व में शहर के मुख्य मार्गो पुरानी सब्जी मंडी,एम एस रोड,शास्त्री मार्ग, जवाहर मार्ग, बस स्टैंड से होते हुई थाने के सामने करील वाले बाबा की दरगाह पर चादर चढ़ाई इस अवसर पर बैंड बाजे की धुन पर नाचते गाते पूरे नगर में चादर निकाली और बड़े भाव से करील वाले बाबा की दरगाह पर चादर चढ़ाई उल्लेखनीय है कि रानी किन्नर द्वारा हर धर्म में आस्था रखकर धार्मिक आयोजन कराए जाते है क्षेत्र की खुशहाली की दुआएं की जाती है इनके द्वारा भागवत कथा शिवजी का अभिषेक माता रानी का जागरण नव दुर्गाओं में व्रत रखकर खुशहाली की दुआएं मांगी जाती हैं इस अवसर पर चादर चढ़ाने में रानी गुरु,लता गुरु सबलग,रेशमा गुरु बीरपुर, राधा शखी, युविका,राधा शखी, शिवानी, पारो, पिंकी,माला गुरु, रोशनी, सहित सेकडो नगर वासी शामिल रहे

## कृषि विज्ञान केन्द्र शिवपुरी में हुआ स्वच्छता पखवाड़ा का समापन

**अनिल कुशवाह ब्यूरो**

**शिवपुरी-**31 दिसम्बर 2021 भा.कृ.अनु.प-कृषि तकनीकी अनुप्रयोग अनुसंधान संस्थान क्षेत्र 9, जबलपुर के निर्देशानुसार जिले में विगत 16 से 31 दिसम्बर तक स्वच्छता पखवाड़ा का आयोजन किया गया। इसी क्रम में आज अंतिम दिवस कृषि विज्ञान केन्द्र, शिवपुरी में स्वच्छता पखवाड़ा का समापन कार्यक्रम आयोजित किया गया।



स्वच्छता पखवाड़ा के तहत प्रतिदिन अलग अलग थीम के साथ ग्रामीण, शहरी, पर्यटन एवं अन्य स्थानों पर स्वच्छता गतिविधियों के तहत साफ सफाई का महत्व और बेकार को बेहतर कैसे बनाने की विधा में वर्मीकम्पोस्ट निर्माण, जैविक अपशिष्ट प्रबंधन, जैविक खेती को बढ़ावा देने हेतु घरेलू सामग्री को भी शहरी क्षेत्र में भी अपघटन करने हेतु जैव उर्वरकों अथवा प्रेरको के द्वारा बतलाया गया। ग्रामीण क्षेत्रों में गाजरघास नियंत्रण, शहरी क्षेत्रों में पॉलीथीन फ्री तथा जन सामान्य को जंकफूड उपयोग नहीं करने तथा मोटे अनाजों को आहार में शामिल करने के लिए आवाहन किया गया।

इस अभियान में शपथ दिलाते हुये इस ओर भी प्रेरित किया गया कि कृषक अथवा कृषक महिलाओं, छात्र-छात्राओं के साथ साथ सभी नागरिकों को स्वच्छता अभियान अंतर्गत मानवीय दृष्टिकोण से साफ-सफाई रखने हेतु घरों, शासकीय भवनों अस्पतालों, पार्को, जल स्त्रोतों तथा अन्य सभी जगह स्वय प्रेरणा से सफाई के लिये आगे बढ़-चढकर कार्य करना जरूरी है।

केन्द्र के प्रधान वैज्ञानिक एवं प्रमुख डॉ.एस.पी.सिंह तथा कृषि विज्ञान केन्द्र की पूरी टीम डॉ.एम.के.भार्गव, वरिष्ठ वैज्ञानिक डॉ.शैलेन्द्र सिंह कुशवाह, वैज्ञानिक डॉ.पुष्पेन्द्र सिंह, डॉ.ए.एल.बसेडिया, तकनीकी अधिकारी श्री नीरज कुशवाहा, कार्यालय अधीक्षक श्री सतेन्द्र गुप्ता, शोध सहायक श्री विजय प्रताप सिंह, स्टेनो कु.आरती बंसल एवं श्रीमती नीतू वर्मा के साथ-साथ कृषक गण, छात्र-छात्राओं सहित कुल 487 नागरिकों की सहभागिता रही है।

## भ्रूण लिंग परीक्षण रोकने और लिंगानुपात में सुधार करने के लिए प्रयास जरूरी- कलेक्टर अक्षय कुमार सिंह

**अनिल कुशवाह ब्यूरो**

**शिवपुरी-** 31 दिसम्बर 2021 प्रसव पूर्व भ्रूण लिंग परीक्षण कानूनी अपराध है। इस पर अंकुश लगाने के लिए पीसीपीएनडीटी एक्ट लागू किया गया है। जिले में भ्रूण लिंग परीक्षण रोकने और लिंगानुपात में सुधार करने के लिए सभी के प्रयास जरूरी हैं। शुक्रवार को जिला स्तरीय पीसी एंड पीएनडीटी एक्ट के तहत गठित सलाहकार समिति की बैठक में कलेक्टर अक्षय कुमार सिंह ने यह निर्देश दिए हैं और कहा है कि हमें जिले में लिंगानुपात में सुधार करने के लिए प्रयास करना होगा। प्रसव से पहले गर्भ में बच्चे का लिंग परीक्षण कराना और कन्या भ्रूण हत्या कानूनी अपराध है। इसके लिए सजा का प्रावधान है।



उन्होंने बैठक में कहा कि जिले में अल्ट्रासोनोग्राफी मशीन के पंजीयन की निगरानी की जाए। लोगों में जागरूकता लाने के लिए भी एक अभियान की जरूरत है जिसमें आंगनवाड़ी केंद्र और सामुदायिक स्थलों पर पोस्टर बैनर लगाए जाएं। इसके अलावा संस्थागत प्रसव को भी बढ़ावा देना होगा। समिति द्वारा भी समय-समय पर जांच की जाए। इसके अलावा स्व सहायता समूह को इस अभियान से जोड़ने और ब्लॉक स्तर पर कार्यशाला आयोजित कर समूह के माध्यम से जागरूकता अभियान संचालित करने के निर्देश दिए हैं।

कलेक्टर अक्षय कुमार सिंह ने बैठक में कहा कि लोग स्वयं जागरूक रहें और जो लोग इस प्रकार के अपराध करते हैं उनकी सूचना दें। जब सभी लोग इसमें सक्रिय होंगे, तभी पूरी तरह से भ्रूण लिंग परीक्षण को रोका जा सकेगा। उन्होंने स्वास्थ्य और महिला एवं बाल विकास विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ की थीम पर कार्यक्रम का आयोजन किया जाए। जिसमें जिले की बेटियों को सम्मानित किया जाएगा। इसमें विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्य करने वाली बालिकाओं को सम्मानित किया जाए। कुछ समय पहले बेटी की पेटी नाम से शिकायत पेटी का संचालन भी शुरू किया गया था, इसे फिर से सक्रिय बनाने के निर्देश दिए हैं। इसके अलावा प्रत्येक विकासखंड में बीएमओ द्वारा भी निगरानी की जाए। और यह जरूरी है कि कितनी गर्भवती महिलाएं हैं जिनके प्रसव होना है और कितनी बेटियों का जन्म हुआ है इसकी भी जानकारी एकत्रित की जाए।

बैठक में एडीएम उमेश शुक्ला, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी पवन जैन, महिला एवं बाल विकास विभाग के जिला कार्यक्रम अधिकारी देवेंद्र सुंदरियाल, तथागत फाउंडेशन से आलोक इंदौरिया सहित अन्य चिकित्सक, गैर सामाजिक संगठनों के सदस्य आदि उपस्थित रहे।

## 2 जनवरी को कूच करेंगे ओ.बी.सी.के हजारों लोग मुख्यमंत्री निवास का करेगें घेराव--हेमन्त यादव



**शिवपुरी--** त्रिस्तरीय पंचायती राज मैं पिछड़ा वर्ग के आरक्षण को खत्म करने के विरोध में 2 जनवरी को ओबीसी के समस्त संगठनों द्वारा मुख्यमंत्री निवास का घेराव किया जाएगा जिसमें शिवपुरी जिले से हजारों ओबीसी के सभी समाजों के लोग अपने हक और अधिकार के लिए जाएंगे पिछड़ावर्ग संघ के जिलाध्यक्ष हेमन्त यादव बड़ौदी द्वारा यदुवंशी समाज एवं पिछड़ा वर्ग के सभी समाजों एवं समाज के संगठनों से अपील की है कि अपने हक अधिकार जिनको सरकार द्वारा समाप्त कर दिया गया है उन्हें पुनः बहाल करवाने हेतु 2 जनवरी को मुख्यमंत्री के निवास का घेराव किया जाएगा उसमें सभी से अपील की गई है कि अधिक से अधिक संख्या में पहुंचकर अपनी संख्या बल और ताकत का एहसास कराते हुए सरकार को संदेश दें यदि हमारे अधिकारों का हनन हुआ है उसे तुरंत वापस करें अन्यथा ओबीसी समाज आने वाले चुनावों में वोट की चोट देने से भी पीछे नहीं रहेगा अब सरकार को समझ जाना चाहिए पिछड़ा वर्ग समाज जागरूक हो चुका है अपने हक और अधिकार के लिए हम अपना हक और अधिकार लेकर रहेंगे

## वन-टू-वन

### ऑडिट में सामने आया पॉवर ट्रांसमिशन कंपनी का गड़बड़झाला

**भोपाल।** प्रदेश में एक तरफ बिजली कंपनियां घाटे का हवाला देकर बिजली दरों में लगातार वृद्धि कर जनता पर बोझ डाल रही हैं, वहीं दूसरी तरफ मप्र पॉवर ट्रांसमिशन कंपनी ने नियमों को ताक पर रखकर 452 करोड़ की लागत से 155 ट्रांसफॉर्मर खरीदे है,जिन पर ज्यादा राशि खर्च की गई है। कंपनी के इस गड़बड़झाले का खुलासा कैग की रिपोर्ट में हुआ है। कैग ने आपत्ति उठाई है कि ज्यादा कीमत पर ट्रांसफॉर्मर क्रय करने और टेंडर प्रक्रिया का पालन सही ढंग से नहीं करने की वजह से सरकार को 58.51 करोड़ की चपत लगी है। गौरतलब है कि मप्र पॉवर ट्रांसमिशन कंपनी प्रदेश में पारेषण प्रणाली का विकास, रखरखाव और मरम्मत के साथ ही ट्रांसफॉर्मर की खरीदी करती है। कंपनी ने प्रदेश में विद्युत उपकेंद्रों की स्थापना करने 155 ट्रांसफॉर्मर खरीदने 19 टेंडर जारी किए थे। कंपनी इसके लिए कम दर का निर्धारण नहीं कर सकी और महंगी दर पर ट्रांसफॉर्मर खरीदने के लिए पिछली खरीदी की तुलना में उच्च मूल्य पर खरीदने को मजबूर हुई। कंपनी एल-2 बोलीदाता से एल-1 पर की गई खरीदी दर को प्रतिबंधित करने में भी विफल रही और समझोते में मूल्य गिरावट की धारा और 50 प्रतिशत मात्रा में कमी की शर्तों को शामिल करने में विफल रही। कंपनी ने 18 टर्नकी ठेकों में से 12 टर्नकी ठेकों में (बीपीआईटीएस)की सिफारिशों को नजरअंदाज करते हुए ट्रांसफॉर्मर क्रय किए, जिसके चलते सरकार को 58.51 करोड़ की चपत लगी। रिपोर्ट में कहा गया है कि कंपनी कुशलता से धन का प्रबंधन नहीं कर सकी, जिसके कारण वित्तीय संस्थाओं को ब्याज के भुगतान के रूप में हानि उठानी पड़ी। इसके अलावा धनराशि अवरुद्ध रखने, कमीशनिंग में देरी हुई। क्योंकि स्थापना के लिए साइट की तैयारी किए बिना ट्रांसफॉर्मर की खरीदी के आर्डर दे दिए थे।

### सडक हादसे मे युवक की मौत, हादसे के कारणो का नही हुआ खुलासा

**भोपाल।** शहर मे सडक हादसे मे युवक की मौत हो जाने की घटना सामने आई है। हालाकि हादसा कैसै हुआ इसका खुलासा फिलहाल नहीं हो सका है, जिसकी पुलिस जॉच कर रही है। ईएमएस सवांदाता को मिली जानकारी के अनुसार घटना बैरसिया थाना इलाके मे स्थित ग्राम सुहाया के पास की है, जिसमे मोटरसाइकिल सवार की मौत की जान गई है। रात साढे 11 बजे हादसे की खबर मिलने पर पुलिस ने नाजूक हालत में युवक को इलाज के लिये निजी अस्पताल पहुंचाया था, लेकिन तब तक काफी देर हो चूकी थी, अस्पताल मे शुरुआती चेकअप के बाद ही डॉक्टरो ने उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच शुरू कर दी है। ईएमएस संवादाता को पुलिस ने बताया कि 29 दिसंबर की रात करीब साढ़े 11 बजे सूचना मिली, कि ग्राम सुहाया के पास मेन रोड पर बने मोड़ पर एक युवक जख्मी हालत में पड़ा है। मौके पर पहुंची पुलिस ने एंबुलेंस की मदद से युवक को अस्पताल भेजा। वहीं पुलिस को मौके पर युवक की मोटरसाइकिल भी क्षतिग्रस्त हालत में पड़ी हुई मिली थी। अस्पताल मे डॉक्टरो ने युवक को मृत घोषित कर दिया। शुरुआती जॉच मे मृतक की पहचान बृजविहार बैरसिया निवासी अनिल जाट पुत्र देवेन्द्र सिंह जाट के रूप में हुई। अनिल अपने परिवार के साथ खेती-किसानी करता था। पुलिस का कहना है कि जांच के बाद ही इस बात का खुलासा हो सकेगा कि युवक की मौत अज्ञात वाहन की टक्कर से हुई है, या फिर मोटर साइकिल फिसलने के कारण हादसा हुआ है।

### क्वेटा में भीषण बम विस्फोट में 4 लोगों की मौत 15 घायल

**क्वेटा।** पाकिस्तान के क्वेटा प्रांत में गुरुवार देर रात हुए बम विस्फोट में चार लोगों की मौत हो गई है, जबकि 15 अन्य घायल हुए हैं। अधिकारियों ने बताया बम धमाका जिन्ना रोड पर साइंस कॉलेज के पास खड़ी एक कार के पास हुआ। जिन्ना रोड क्वेटा के प्रमुख मार्गों में से एक है और खरीदारी करने वालों का लोकप्रिय स्थान है। अधिकारियों ने बताया कि इस घटना में घायल हुए सभी लोगों को क्वेटा के सिविल अस्पताल में भर्ती कराया गया है। अधिकारियों ने बताया कि विस्फोट इतना भयंकर था कि इससे आस-पास की इमारतों के शीशे टूट गए। पाकिस्तान के इस इलाके में इस्लामिक स्टेट काफी सक्रिय है।

### तलाक हुआ तो पति को सुनाई ज़िंदगी भर कैद रहने की सज़ा

**येरुसलेम ।** येरुसलेम में एक कपल का तलाक हुआ तो कोर्ट ने पति को ज़िंदगी भर कैद रहने की सज़ा दे दी। हर देश में तलाक के कानून अलग-अलग होते हैं। इन्हें लेकर 5-10-20 साल की सज़ा तो ठीक है, लेकिन अगर किसी को तलाक के बदले उसकी उम्र से ज्यादा की सज़ा सुना दी जाए, तो केस अजीब हो जाता है। एक ऑस्ट्रेलियन शख्स को इज़रायल की कोर्ट ने 8000 साल तक इज़रायल में रहने का आदेश दिया है। एक रिपोर्ट के मुताबिक ऑस्ट्रेलिया के रहने वाले नॉम हुपर्ट नाम के शख्स को इज़रायल ने देश के अंदर ही रहने की सज़ा सुनाई है। इस शख्स का कुसूर ये है कि उसकी इज़रायली पत्नी ने उसके खिलाफ तलाक का केस फाइल किया है। इज़रायल की कोर्ट की दी हुई सज़ा के मुताबिक अब नॉम हुपर्ट 31 दिसंबर 9999 तक अपना देश छोड़कर कहीं और नहीं जा सकता। अगर वो ऐसा करना चाहता है तो उसे 3 मिलियन डॉलर देने होंगे। इतना ही नहीं हर महीने उसे बच्चों की परवरिश के लिए भी 5000 इज़रायली शेकेल्स देने होंगे।इस शख्स की शादी इज़रायली महिला से हुई और वो साल 2012 से यहां एनालिटिकल कैमिस्ट के तौर पर एक फार्मा कंपनी में नौकरी करता है। इसी बीच उसकी पत्नी ने कोर्ट में उसके खिलाफ तलाक का केस कर दिया। अब इस सज़ा के तहत ये शख्स छुट्टियां मनाने और किसी अन्य काम से भी बाहर नहीं जा सकता। सज़ा को लेकर कई मानवाधिकार कार्यकर्ताओं ने आवाज़ उठाई है, लेकिन

# नारी सशक्तीकरण की दिशा में मील का पत्थर साबित होगा मोदी सरकार का निर्णय ः रजनी

***दैनिक पुष्पांजली टुडे***

भिण्ड । बेटियों का सशक्तीकरण और विकास शुरू से ही प्रधानमंत्री मोदी की सरकार की प्राथमिकताओं में शामिल रहा है। इस दिशा में केंद्र सरकार ने कई कदम उठाए हैं। इसी कड़ी में केंद्रीय मंत्रिमंडल ने लड़कियों के विवाह की उम्र 21 वर्ष करने संबंधी विधेयक को मंजूरी दे दी है। इस निर्णय के बाद बेटियों को और अधिक परिपक्वता के साथ अपने बारे में निर्णय लेने का अवसर मिलेगा तथा केंद्र सरकार का यह निर्णय नारी सशक्तीकरण की दिशा में मील का पत्थर साबित होगा। यह बात भारतीय जनता पार्टी महिला मोर्चा की प्रदेश कार्यसमिति सदस्य श्रीमती रजनी दीक्षित, (श्रीवास्तव )ने केंद्रीय मंत्रिमंडल के निर्णय का स्वागत करते हुए कही।

भाजपा महिला मोर्चा की प्रदेश कार्यसमिति सदस्य श्रीमती दीक्षित (श्रीवास्तव ) ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को धन्यवाद ज्ञापन करते हुए कहा कि केंद्र की मोदी सरकार ने जातिगत या धार्मिक भेदभाव के बिना सभी लड़कियों की विवाह के लिए न्यूनतम आयु 21 वर्ष किए जाने को मंजूरी दी है, जिससे स्पष्ट है कि केंद्र सरकार हर वर्ग और समाज की महिलाओं की बेहतरी चाहती है। उन्होंने कहा कि सरकार के इस निर्णय से जहां एक ओर लड़कियों को शादी से पहले अपनी पढ़ाई ठीक से करने और कॅरियर संवारने का अवसर मिलेगा, वहीं वे मानसिक रूप से परिपक्व होने



के उपरांत अपने भावी जीवन के संबंध में सही फैसले भी ले सकेंगी।

भाजपा नेत्री रजनी ने कहा केंद्र सरकार के इस निर्णय से उन असामाजिक तत्वों की गतिविधियों पर भी रोक लगेगी, जो कम आयु की लड़कियों को बहला-फुसलाकर, अपने जाल में फंसा लेते हैं और उनसे शादी करके उनका जीवन बर्बाद कर देते हैं। उन्होंने कहा कि विवाह से पहले लड़की के मानसिक रूप से परिपक्व हो जाने से पारिवारिक विवादों में भी कमी आएगी तथा परिवारों के विघटन पर रोक लगेगी।

उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एवं मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान के नेतृत्व में महिला सशक्तिकरण की मजबूती के लिए अनेकों महिलाएं के विकास के लिए योजनाएं बनाकर उन्हें आत्मनिर्भर की ओर खड़ा कर रही हैं देश में और प्रदेश में कांग्रेस की रही सरकारों ने कभी महिलाओं के विकास की बात नहीं की आज उत्तर प्रदेश की हम बात करें तो तो प्रियंका गांधी जिस प्रकार महिलाओं को प्रलोभन दे रही हैं की कांग्रेस की सरकार आएगी तो महिलाओं की चिंता करेगी मैं उनसे पूछना चाहती हूं कि जब देश की स्वतंत्रता तक आपकी रही सरकार ने महिलाओं के लिए क्या-क्या काम किए मात्र कांग्रेस का उद्देश्य उत्तर प्रदेश में महिलाओं के बोर्ड कब आने का षड्यंत्र प्रियंका गांधी जी उन्हें बातों के साथ तेरे भ्रमित कर रही हैं जबकि प्रदेश की योगी आदित्यनाथ की सरकार ने महिलाओं के विकास सुरक्षा आत्मनिर्भर रोजगार और बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ लाड़ली लक्ष्मी योजना नारी शक्ति सुरक्षा के साथ उन्हें शक्ति प्रदान की है आज वह अपने को स्वयं को सुरक्षित रही हैं

### मध्यप्रदेश में कोरोना ने पकड़ी रफ्तार, भोपाल में 77 हुई एक्टिव केसों की संख्या

**भोपाल।** मध्य प्रदेश में कोरोना ने रफ्तार पकड़ ली है। प्रदेश में पिछले 24 घंटे में 77 कोरोना मरीज सामने आए हैं। कोरोना के एक्टिव केसों की संख्या 407 के ऊपर जा पहुंची है। आज मिले 77 मरीजों में से 62 लोगों को वैक्सीन के दोनों डोज लगाए जा चुके हैं। इंदौर जिले में 43 नए कोरोना केस और 237 सक्रिय मरीज सामने आए हैं। राजधानी भोपाल में 16 और जबलपुर में 11 पॉजिटिव मरीज मिले हैं। इसके अलावा दतिया में चार, ग्वालियर में एक, होशंगाबाद में एक और नरसिंहपुर में एक कोरोना मरीज मिला है। इसी कड़ी में छोटे शहरों में भी संक्रमण फैल रहा है। इस दौरान 30 कोरोना मरीज स्वस्थ हुए हैं। अधिकतर कोरोना पेशेंट होम आइसोलेशन में ठीक हो रहे हैं। ऐसे में इंदौर में ही ओमिक्रॉन के 9 मामले सामने आ चुके हैं।

# राजधानी मे फिर सामने आया लव जिहाद का मामला

### लॉक डाउन मे पहचान छिपाकर फंसाया था प्रैम जाल मे, फिर शादी का झांसा देकर बनाये शारिरीक संबध

### विवाहित है आरोपी, सच जानने के बाद भी शादी का कहने पर आरोपी ने युवती से कही धर्म बदलने की बात

**भोपाल।** शहर मे एक और लव जिहाद का मामला सामने आया है। आरोपी ने साल 2020 मे लॉकडाउन के समय पीडीता से पहचान बढाकर उसे अपने प्रैम जाल मे फसाया था। पीडीता का आरोप है, कि युवक दूसरे धर्म का है, जिसका नाम मुजीब है, लेकिन उसने यह बात उसे नहीं बताई थी, बल्कि आरोपी ने खूद को युवती के ही धर्म का बताते हुए अपना नाम मनीष बताया था। इसके बाद उनके बीच करीब 17 महीने तक प्रैम प्रंसग चलता रहा। करीब तीन महीने पहले आरोपी ने उसे शादी का झांसा देकर शारिरीक संबध बनाये। ईएमएस सवादांता को पुलिस ने बताया कि आरोपी पहले से विवाहित है, ओर यह बात भी उसने युवती को नही बताई थी, बीते दिनो जब पीड़िता ने सच्चाई पता चलने के बाद भी युवक पर शादी के लिए दबाव बनाया तो उसने युवती से धर्म परिवर्तन करने की बात कही, वहीं शिकायत करने पर उसे जान से मारने की धमकी दे डाल। बाद मे थाने पहुची पीडीता की शिकायत पर पुसिस ने आरोपी के खिलाफ रेप, जान से मारने की धमकी देने सहित म.प्र.धार्मिक स्वतंत्रता अध्यादेश अधिनियम के तहत प्रकरण दर्ज कर लिया है। ईएमएस संवादाता को थाना पुलिस से मिली जानकारी के मुताबि शॉहजॉबाद इलाके मे रहने वाली 22 साल की युवती ने लिखित शिकायत करते हुए बताया कि साल 2020 के अप्रैल माह में लॉक डाउन के समय उसके मोहल्ले मे मदद के लिये एक युवक आता रहता था। आने वाले इस दौरान दोनों के बीच में जान पहचान हो गई थी। युवक ने अपना नाम मनीष बताया था। बाद में जल्द ही उनकी दोस्ती प्रैम प्रसंग में बदल गई। आरोप है कि बीती 3 अक्टूबर 21 को आरोपी ने पीड़िता को मिलने बुलाया और उसे शादी करने का झांसा देकर उसके साथ बारह महल इलाके मे एक कमरे में ले जाकर शारिरीक संबध बना डाले। कुछ समय बाद आरोपी ने उससे कहा कि उसे नौकरी के संबंध में दूसरे शहर जाना है। इसके बाद आरोपी ने पीडीता से दूरी बना ली ओर संबंध खत्म कर दिया। पीड़िता ने संदेह होने पर जब उसके बारे में जानकारी जुटाई तो उसे पता चला कि आरोपी का नाम मनीष नहीं मुजीब है, जो विवाहित है ओर नूर महल इलाके मे रहकर ही मैकैनिक का काम करता है। सच्चाई सामने आने के बाद भी पीड़िता ने उसपर पर शादी करने के लिए दबाव बनाया तो आरोपी ने उससे धर्म परिवर्तन करने की बात कही। जब युवती ने इनकार किया तो आरोपी ने उसे जान से मारने की धमकी देते हुए शिकायत न करने का दबाव बनाया। इसके बाद पीड़िता थाने जा पहुचीं। मामला कायम कर पुलिस आरोपी की धरपकड के प्रयास कर रही है।

# आने वाला समय जमीनी कार्यकर्ताओं का: डॉ अमित सिंह



**दैनिक पुष्पांजली टुडे**

**युवा साथियों के साथ वार्षिक मिलन समारोह संपन्न**

गोहद में शुक्रवार दोपहर को प्रेम ,,,,वाटिका मैं आयोजित युवा कार्यकर्ता बैठक में इफको के मध्य प्रदेश छत्तीसगढ़ डायरेक्टर डॉ अमित प्रताप सिंह ने युवा साथियों को संबोधित करते हुए कहा कि आने वाला समय जमीनी कार्यकर्ताओं का रहेगा हवा हवाई फायर करने वाले ध्वस्त हो जाएंगे हकीकत में जो व्यक्ति जमीनी स्तर पर आम लोगों के साथ मिलकर उनकी जन समस्याओं के निदान के लिए संघर्ष करेगा मेहनत करेगा समय उसी को नेता मानेगा इसलिए समय के साथ चलना है तो हमें जमीनी स्तर पर हकीकत कार्य करना होगा बैठक में सैकड़ों कार्यकर्ता मौजूद रहे हालांकि उन्होंने कहा यह बैठक राजनीतिक नहीं है केवल वर्ष के के अंतिम और नव वर्ष के प्रारंभ से पहले युवा साथियों के साथ एक सामूहिक चर्चा के लिए बैठक आयोजित की गई है सभी से मिलना और हाल-चाल जानना इस बैठक का उद्देश्य है बैठक में आज के घटनाक्रम और राजनीतिक घटनाक्रमों पर चर्चा हुई सभी ने आपसी विचार रखे इस अवसर पर अजय सिंह उर्फ गुड्डू भदोरिया सरदार अमरजीत सिंह आशीष गुर्जर संग्राम सिंह तोमर जसवीर सिंह सूर्यभान सिंह बंटी गुर्जर बंटी कौरव बंटी राणा रिंकू तोमर सरदार हीरा सिंह डॉक्टर बी पी गुर्जर भानु जादौन जितेंद्र गुर्जर सरदार मलकीत सिंह सरदार स्वरूप सिंह सोनू तोमर सोनू सरदार गिर्राज अग्रवाल शैलू गुर्जर कुलदीप गुर्जर राजेंद्र परिहार राजा खान राजकुमार देशलहरा राहुल शर्मा अमन बॉक्स इत्यादि भारी संख्या में युवा साथी मौजूद हैं



# सिद्धि विनायक फैक्ट्री परिसर में चोरी की घटना अंजाम दिया चोरों ने।

**फैक्ट्री मालिक मनीष अग्रवाल ने संदेह के घेरे में लिया एक व्यक्ति को।**

**एडवोकेट अमरेंद्र सिंह**

**पुष्पांजली टुडे** मालनपुर/औद्योगिक क्षेत्र नगर परिषद मालनपुर के अंतर्गत सिद्धि विनायक नामक एक छोटी सी फैक्ट्री है उसमें चोरों ने लगभग डेढ़ लाख का मटेरियल चोरी कर लिया,यह तो कह पाना मुश्किल है कि चोरी में हाथ किसका है लेकिन फैक्ट्री मालिक ने एक व्यक्ति पर अपनी पूर्ण शंका जाहिर की है, फैक्ट्री का मुआयना करने के बाद ऐसा प्रतीत होता है किसी अंदर के व्यक्ति का हाथ है चोरी कांड में लेकिन स्पष्ट रूप से नहीं कहा जा सकता यह जांच का विषय है।


### इनका कहना है-सुषमा सिंह सामाजिक कार्यकर्ता

चोरी के मामले दिन प्रतिदिन बढ़ रहे हैं चोरों के हौसले बुलंद हैं फैक्ट्री परिषर के लोग परेशान हैं थाना प्रभारी मामले की जांच कर तुरंत कार्रवाई करनी चाहिए।

# बाइडेन के फोन पर नहीं दबे पुतिन, दी खुलेआम धमकी

### रूस पर नए प्रतिबंध लगाए गए तो गंभीर नतीजे होंगे

**वॉशिंगटन।** यूक्रेन को लेकर अमेरिका और रूस में बढ़ते तनाव के बीच दोनों देशों के प्रमुखों ने फोन पर बात की। करीब एक घंटे चली बातचीत में अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडेन ने अपने समकक्ष व्लादिमीर पुतिन से कहा कि वह वार्ता जारी रखने के पक्ष में हैं। हालांकि, उन्होंने यह भी स्पष्ट कर दिया कि यूक्रेन के खिलाफ कोई भी गलत कदम रूस की मुश्किलें बढ़ा सकता है। दोनों नेताओं के बीच इस महीने ये दूसरी टेलीफोनिक बातचीत थी। यूक्रेन की सीमा पर रूसी सैनिकों के जमावड़े से अमेरिका नाराज है और इस वजह से दोनों देशों के बीच तनाव काफी बढ़ गया है। क्रेमलिन के सहयोगी यूरी उशाकोव ने बताया कि रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने अपने अमेरिकी समकक्ष को चेतावनी दी है कि यूक्रेन के बहाने रूस पर नए प्रतिबंध लगाए गए तो दोनों देशों के रिश्ते बुरी तरह प्रभावित हो सकते हैं। उशाकोव ने यह भी बताया कि जो बाइडेन ने भी पुतिन को धमकी देते हुए कहा है कि यदि रूस यूक्रेन विवाद को



और हवा देता है तो उसे नए वित्तीय, सैन्य और आर्थिक प्रतिबंधों का सामना करना होगा। यूरी उशाकोव ने आगे कहा, 'हमारे राष्ट्रपति ने अमेरिका को स्पष्ट कर दिया है कि रूस पर प्रतिबंध लगाना बड़ी भूल होगी और इसके गंभीर परिणाम हो सकते हैं। हालांकि, उन्होंने उम्मीद जताई है कि अमेरिका ऐसा कुछ नहीं करेगा'। उधर, व्हाइट हाउस ने राष्ट्रपति बाइडेन और पुतिन के बीच हुई बातचीत की जानकारी देते हुए बताया कि यूएस प्रेसिडेंट ने रूसी राष्ट्रपति से कहा है कि अगर यूक्रेन पर हमला हुआ, तो अमेरिका और उसके सहयोगी इसका जोरदार जवाब देंगे। व्हाइट हाउस के प्रवक्ता जेन साकी ने एक बयान में कहा, 'राष्ट्रपति बिडेन ने रूस से यूक्रेन के साथ तनाव कम करने का आग्रह किया।

# तालिबानी शासन में संतान बेचकर कर लोग कर रहे गुजारा

### अफगानिस्तान में बढ़ती जा रही है बेसहारा लोगों की संख्या भी

**शेदाई कैंप।** पश्चिमी अफगानिस्तान में सूखे और युद्ध से विस्थापित लोगों की विशाल बस्ती में एक महिला अपनी बेटी को बचाने के लिए लड़ रही है। अजीज गुल के पति ने अपनी 10 साल की बच्ची को बिना उसे बताए शादी के लिए बेच दिया ताकि इसके एवज में मिले पैसों से वह अपने पांच बच्चों का भरण-पोषण कर सके। उसने कहा कि बाकी की जान बचाने के लिए उसे एक की बलि देनी पड़ी। अफगानिस्तान में बेसहारा लोगों की संख्या बढ़ती जा रही है। पैसों के लिए मोहताज ये लोग सहायता पर निर्भर हैं। अफगानिस्तान की अर्थव्यवस्था पहले से ही चरमरा रही थी जब तालिबान ने अगस्त के मध्य में अमेरिका और नाटो सैनिकों की वापसी के बीच सत्ता पर कब्जा कर लिया था। अंतरराष्ट्रीय समुदाय ने विदेशों में अफगानिस्तान की संपत्ति को जब्त कर लिया और वित्तीय मदद रोक दी। युद्ध, सूखे और कोरोना वायरस महामारी से पीड़ित देश के लिए परिणाम विनाशकारी रहे हैं। कर्मचारियों को महीनों से वेतन नहीं दिया गया है। कुपोषण सबसे चिंताजनक है और सहायता संगठनों का कहना है कि आधी से अधिक आबादी खाद्यान्न संकट का सामना कर रही है। अफगानिस्तान में सहायता संगठन 'वर्ल्ड विजन' के राष्ट्रीय निदेशक असुंथ चार्ल्स ने कहा कि इस देश में स्थिति दिन-ब-दिन बिगड़ती जा रही है, विशेष रूप से बच्चे इससे सबसे अधिक पीड़ित हैं। चार्ल्स पश्चिमी शहर हेरात के पास विस्थापित लोगों के लिए स्वास्थ्य क्लीनिक चलाते हैं। उन्होंने कहा कि आज मुझे यह देखकर बहुत दुख होता है कि कई परिवार दाने-दाने को मोहताज हैं और परिवार के अन्य सदस्यों को खिलाने के लिए वे अपने बच्चों को भी बेचने को तैयार हैं। इस क्षेत्र में बहुत कम उम्र की लड़कियों का विवाह आम बात है। दूल्हे का परिवार इस सौदे के बदले लड़की के परिवार को पैसे देता है और 15 साल की होने तक बच्ची आमतौर पर अपने माता-पिता के साथ रहती है। कई लोग अपने बेटों को भी बेचने की कोशिश कर रहे हैं। इस पितृसत्तात्मक, पुरुष-प्रधान समाज में गुल अपनी बेटी को बेचे जाने का विरोध कर रही हैं। गुल खुद 15 साल में ब्याही गई थीं और अब वह अपनी बेटी कांडी गुल के साथ यह अन्याय नहीं होने देना चाहतीं। गुल कहती हैं कि अगर उनकी बेटी को उनसे छीन लिया गया तो वह खुद को मार डालेंगी। गुल के पति ने बताया कि उसने कांडी को बेच दिया है जिस पर उन्होंने अपने पति से कहा कि ऐसे करने से मरना बहुत बेहतर था।

गुल ने अपने भाई और गांव के बुजुर्गों को इकट्ठा किया और उनकी मदद से कांडी के लिए इस शर्त पर तलाक हासिल किया कि वह अपने पति को मिले 100,000 अफगानी (लगभग 1,000 डॉलर) का भुगतान करेंगी, जो उनके पास नहीं है। घटना के बाद से गुल का पति फरार है। तालिबान सरकार ने हाल ही में जबरन विवाह पर प्रतिबंध लगाया है। गुल ने कहा कि मैं बहुत निराश हूं। कभी-कभी ख्याल आता है कि अगर मैं इन लोगों को भुगतान करने के लिए पैसे नहीं दे सकती और अपनी बेटी को अपने पास नहीं रख सकती तो मैं खुद को मार डालूं। शिविर के एक अन्य हिस्से में चार बच्चों के पिता हामिद अब्दुल्ला भी अपनी कम उम्र की बेटियों को विवाह के लिए बेच रहे थे क्योंकि उनके पास अपनी बीमार पत्नी के इलाज के लिए पैसे नहीं थे जो जल्द पांचवे बच्चे को जन्म देने वाली है। जिस परिवार ने होशरान को खरीदा है वह पूरी रकम चुकाने और उसे लेने से पहले उसके बड़े होने का इंतजार कर रहा है लेकिन अब?दुल?ला को अब पैसों की जरूरत है। इसलिए वह अपनी दूसरी बेटी, छह साल की नाजिया की शादी करीब 20,000-30,000 अफगानी (200-300 डॉलर) में कराने की कोशिश कर रहा है। अब्दुल्ला की पत्नी बीबी जान ने कहा कि उनके पास कोई दूसरा विकल्प नहीं था लेकिन यह एक कठिन निर्णय था। पड़ोसी बड़घिस प्रांत में एक और विस्थापित परिवार अपने आठ वर्षीय बेटे सलाहुद्दीन को बेचने पर विचार कर रहा है। उसकी मां गुलदस्ता (35) ने कहा कि मैं अपने बेटे को बेचना नहीं चाहती, लेकिन मुझे करना होगा। कोई भी मां अपने बच्चे के साथ ऐसा नहीं कर सकती है, लेकिन जब आपके पास कोई दूसरा विकल्प नहीं होता है, तो आपको अपनी इच्छा के विरुद्ध निर्णय लेना पड़ता है। अफगानिस्तान में पांच साल से कम उम्र के 32 लाख बच्चे कुपोषण का सामना कर रहे हैं।

# शहर ने ओढ़ी कोहरे की चादर, सिर्फ 20 मीटर रह गई थी दृश्यता, अब दिन में गिरेगा तापमान





**ग्वालियर।** शुक्रवार सुबह ग्वालियर में जब लोगों की नींद खुली तो पूरा शहर घने कोहरे की चादर ओढ़े हुए था। 20 मीटर ही दृश्यता रह गई थी। इसके आगे कुछ भी नहीं दिखाई दे रहा था। ग्वालियर में शुक्रवार को सीजन का सबसे घना कोहरा दर्ज हुआ है। हाइवे से लेकर रेले यातायात प्रभावित हुआ है। सुबह आने वाली ज्यादातर ट्रेन देरी से चल रही हैं। हाइवे पर सुबह ही हेड लाइट्स जलानी पड़ी हैं। रात को न्यूनतम तापमान 7.2 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया है। दिन में कोहरे के कारण धूप नहीं निकली है और दिन में शीत लहर से ठंड बढ़ने की संभावना मौसम विभाग जता चुका है।

जम्मू कश्मीर से आ रही बर्फीली ठंडी हवा से शहर का मौसम बदल गया है। शुक्रवार को सीजन का सबसे घना कोहरा छाया। 20 मीटर के बाद कुछ भी नजर नहीं आ रहा था। सड़क व रेल यातायात प्रभावित हो गया। दिल्ली की ओर से आने वाली ट्रेनें घटों लेट आ रही हैं, जबकि सड़कों पर वाहन हेड लाइट जलाकर चले। कोहरे के कारण धूप नहीं निकली, जिससे दिन में ठंड बढ़ेगी और शीतल दिन का सामना करना पड़ेगा। मौसम विभाग के अनुसार उत्तरी हवा की गति तेज है, इस कारण 48 घंटों तक कड़ाके की ठंड रहेगी। दिन के तापमान में लगातार गिरावट के आसार हैं। गुरुवार को भी दिन का तानमान 20 डिग्री सेल्सियस रहा है। शुक्रवार को इससे भी कम रहने की संभावना जताई जा रही है।

### चक्रवात बिहार पहुंचा, हवा का रूख बदला

पश्चिमी विक्षोभ जम्मू कश्मीर से होते हुए बिहार पहुंच गया है। इस कारण हवा का रुख उत्तरी हो गया है। यह हवा अपने साथ जम्मू कश्मीर से बर्फीली ठंडक लेकर आ रही है। इसकी गति 5 से 8 किलोमीटर प्रतिघंटा के बीच है। बर्फीली ठंडी हवा के चलते तापमान में गिरावट आ रही है। एक दिन पहले हाड़ कंपाने वाली ठंड का सामना करना पड़ा था। रात में भी कड़ाके की ठंड थी। देर रात से शहर में घना कोहरा छा गया था। कोहरे के कारण न्यूनतम तापमान 7.2 डिग्री सेल्सियस पर रहा है। इससे शीत लहर नहीं चल सकी और फसलें पाले से बच गईं।

### घने कोहरे में होगा नए साल का आगाज

मौसम विभाग की माने तो आने वाले दो से तीन दिन घना कोहरा ग्वालियर शहर सहित अंचल में छा सकता है। ग्वालियर में नए साल का आगाज घने कोहरे के बीच होगा। शुक्रवार रात से कोहरा छाएगा और शनिवार को दिन तक घना कोहरा रहेगा। दिन और रात का तानमान गिरेगा- मौसम विभाग के अनुसार जम्मू-कश्मीर से ठंडी हवा आ रही है। इस कारण दिन और रात के तानमान में गिरावट आएगी अगले 48 घंटे लगातार कोहरा रहेगा और न्यूनतम व अधिकतम तापमान में गिरवाट दर्ज होगी

### मौसम के जानकारों का कहना

भोपाल से रडार प्रभारी मौसम केन्द्र वेदप्रकाश सिंह का कहना है कि उत्तरी हवा की गति तेज होने से दिन में ठंड रहेगी। 1 जनवरी को नया चक्रवात आ रहा है। इससे सक्रिय होने से तापमान में बढ़ोतरी शुरू हो जाएगी। पांच जनवरी के आसपास हल्की बारिश का भी योग बन रहा है।



## रमेश खंगार ''नन्ना'' पुनः क्षत्रिय खंगार समाज के राष्ट्रीय अध्यक्ष बने

**ग्वालियर /** खंगार क्षत्रिय समाज सेवा विकास संघ के तत्वावधान में अखिल भारतीय क्षत्रिय खंगार समाज की राष्ट्रीय बैठक का आयोजन गत दिवस मेला परिसर गढकुण्डार में राष्ट्रीय संरक्षक एच.के. खेंगर की अध्यक्षता में किया गया। उक्त बैठक में देश भर के विभिन्न प्रान्तों से आये समाज बंधुओं एवं संगठन के प्रतिनिधियों ने भाग लिया। सर्वप्रथम खंगार बंष की कुलदेवी गजानन माता एवं राष्ट्र धर्म के प्रणेता खंगार राज्य के संस्थापक महाराजा खेत सिंह खंगार को पुष्पांजलि अर्पित कर श्रद्धासुमन अर्पित किये। कार्यक्रम का संचालन कर रहे राष्ट्रीय प्रवक्ता अशोक मिर्धा ने विगत तीन वर्षो में राष्ट्रीय अध्यक्ष रमेश खंगार ''नन्ना'' के द्वारा किये गये समाज हित के विकास कार्यो के बारे में बताया। वर्तमान अध्यक्ष का कार्यकाल पूर्ण होने के कारण सामाजिक गतिविधियों के क्रियान्वयन के लिए पुनः रमेश खंगार नन्ना को सर्व सम्मति से क्षत्रिय खंगार समाज का राष्ट्रीय अध्यक्ष बनाया गया। इस अवसर पर सभी समाज बंधुओं एवं प्रतिनिधियों ने बधाई दी। बधाई देने वालों में, एच.के. खेंगर, हाकिम सिंह परिहार, नारायण सिंह परिहार, अमित परिहार, भगवान सिंह परिहार, रामरूप सिंह, रमेश खंगार, भंवर सिंह, धरम सिंह, जीतेन्द्र सिंह ठाकुर , ओमप्रकाश खंगार, प्रो. गोविन्द सिंह, मोहनलाल खंगार, गोपाल राय खंगार, अशोक मिर्धा, राजेन्द्र सिंह, लाल सिंह, माधव सिंह, ब्रजमोहन सिंह, संतोष सिंह, श्याम सिंह सुजान सिंह, संजू खंगार, राजू खंगार, एवं अन्य सैंकडों समाज बंधुओं ने बधाई दी। उपरोक्त जानकारी मीडिया को अशोक मिर्धा राष्ट्रीय प्रवक्ता द्वारा रावगोपाल सिंह खंगार के माध्यम से उपलब्ध कराई।

### राष्ट्रीय आजीविका मिषन से राहुल के जीवन में आई खुषियां

**ग्वालियर।** राष्ट्रीय आजीविका मिशन योजनांतर्गत चलाई जा रही ऋण योजना हजीरा बिरला नगर निवासी राहुल राठौर के लिए खुशियां लेकर आई है। पहले जहां राहुल 5 हजार रुपए महीने कमा पाते थे, वहीं अब राष्ट्रीय आजीविका मिशन के तहत मिले ऋण से वह अब 15 से 20 हजार रुपए महीने कमा रहे हैं तथा अपने परिवार का भरण पोषण कर रहे हैं। मेजर कॉलानी, बिरला नगर निवासी राहुल राठौर पुत्र रामजी राठौर ने बताया कि पूंजी न होने के कारण वह अपनी एक छोटी से दुकान से अपने परिवार का भरण पोषण कर रहे थे। जब उन्हें नगर निगम की सहायक आयुक्त सुश्री मिनी अग्रवाल द्वारा डेएनयूएलएम योजना के तहत ऋण योजना की जानकारी मिली तो उन्होंने योजना के अतंर्गत 2 लाख रुपए का ऋण लिया गया था। उनके द्वारा यह ऋण अपनी दुकान के लिए लिया गया था। जिस समय यह ऋण लिया गया था, उस समय उनकी मासिक आय लगभग 5000 थी। वर्तमान में उनकी मासिक आय 15000 से 20000 रुपए है। उत्त ऋण के कारण उनके जीवन में खुशियां आई और वह अपने परिवार का पालन पोषण बेहतर तरीके से कर पा रहे हैं।

### व्यावसायिक क्षेत्रों में दो पालियों में कराया जा रहा है कचरा संग्रहण एवं सफाई

**ग्वालियर।** नगर निगम ग्वालियर द्वारा चलाए जा रहे स्वच्छता अभियान के तहत शहर के सभी प्रमुख व्यावसायिक क्षेत्रों में दो पालियों में कचरा संग्रहण एवं सफाई कराई जा रही है। जिसके तहत दक्षिण विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत सभी व्यावसायिक क्षेत्रों में सुबह एवं रात्रिकालीन सफाई कराई जा रही है तथा नागरिकों से भी स्वच्छता में सहयोग की अपील की जा रही है। स्वास्थ्य अधिकारी श्री भीष्म पमनानी ने जानकारी देते हुए बताया कि नगर निगम आयुक्त श्री किशोर कन्याल के निर्देशानुसार शहर के सभी व्यावसायिक क्षेत्रों में दो पालियों में निरंतर स्वच्छता एवं कचरा संग्रहण का अभियान चलाया जा रहा है। जिसके तहत महाराज बाडा, कम्पू, माधौगंज सहित प्रमुख बाजारों एवं व्यावसायिक क्षेत्रों की गलियों में साफ सफाई अभियान चलाया जा रहा है।

## ग्वालियर में मुरैना के वाहन चोरों की गैंग से जुड़े तीन युवकों को बिरला नगर से पकड़ा

**ग्वालियर।** क्राइम ब्रांच व हजीरा थाना पुलिस ने गुरुवार की रात को बिरला नगर से तीन शातिर वाहन चोरों को पकड़ा है। पुलिस ने आरोपितों के पास से 17 चोरी की मोटरसाइकिल बरामद कीं हैं। वाहन चोरों ने चोरी की गाड़ियां बंद पड़ी जेसी मिल के खंडहर में छिपाकर रखीं थीं। पुलिस का दावा है कि आरोपित चोरी की बाइक बेचने की फिराक में घूम रहे थे। इसकी सूचना पुलिस तक पहुंच गई। और तीनों पुलिस की गिरफ्त में आ गए। तीनों आरोपित मुरैना के शातिर वाहन चोर दुर्गा प्रजापति के साथी हैं। मुरैना पुलिस ने कुछ दिन पहले ही वाहन चोरों के सरगना को 40 चोरी की गाड़ियों के साथ पकड़ा था। आरोपित अभी मुरैना जेल में है। एएसपी राजेश दंडौतिया ने बताया कि क्राइम ब्रांच के साथ थाना प्रभारियों को वाहन चोरों को पकड़ने का टास्क दिया गया था। गुरुवार की रात को सूचना मिली कि तीन संदिग्ध युवक सस्ते में बाइक बेचने की फिराक में घूम रहे है। क्राइम ब्रांच थाना प्रभारी डीपी गुप्ता व हजीरा थाना प्रभारी मनीष धाकड़ की टीम ने घेराबंदी कर संदिग्ध युवकों को बिरला नगर पुल के पास से पकड़ लिया। इनके पास से चोरी की एक बाइक बरामद होने पर थाने लाकर पूछताछ की।

### जेसी मिल के खंडहर में छिपाकर रखते से चोरी की गाड़ियां

पुलिस चोरी की बाइक के साथ पकड़े गए ललित वर्मा, सत्येंद्र राजावत व आकाश राठौर को पकड़कर थाने लाई। तीनों आरोपितों से चोरी की बाइक के संबंध में पूछताछ करने पर कबूल किया कि वह शहर के प्रमुख बाजारों से दोपहिया वाहन चोरी करते है। गाड़ी चोरी करने के बाद वर्षों से बंद पड़ी जेसी मिल के खंडहर में छिपाकर रख आते हैं। पुलिस तीनों आरोपितों को लेकर खंडहर में पहुंची। पुलिस ने दावा किया है कि यहां चोरी की 16 बाइके खड़ी मिली। बरामद गाड़ियों की कीमत 10 लाख रुपये के लगभग आंकी है। पुलिस अब गाड़ियों के चेसिस व इंजन नंबर असल मालिक का पता लगा रही है।

### मुरैना के वाहन चोर दुर्गा प्रजापति के साथी हैं

आरोपित ने पूछताछ में कबूल किया कि मुरैना के शातिर वाहन चोर दुर्गा प्रजापति उन्हें गाड़ी उठाने की ट्रेनिंग देने के साथ मास्टर की उपलब्ध कराता है। चोरी की गाड़ियां ठिकाने लगाने के लिए जिम्मेदारी दुर्गा की होती है। पुलिस का कहना है कि दुर्गा प्रजापति के संबंध में पड़ताल करने पता चला कि वह अभी मुरैना जेल में बंद हैं। दुर्गा का काम ही नए लड़कों से चोरी कराकर ग्रामीण क्षेत्रों में ठिकाने लगाने का है। वह इन लड़कों को मास्टर की उपलब्ध कराने के साथ गाड़ियां चोरी करने की बारीकियों का ट्रेनिंग भी देता है।



## कैश डिपॉजिट मशीन ने दिया धोखा! मशीन में मैरिज गार्डन संचालक के फंसे 11 हजार रुपए, ठग ने ऑनलाइन ट्रांजेक्शन कर 54 हजार निकाले

**ग्वालियर।** ग्वालियर में मैरिज गार्डन संचालक को छ्रस॥ डिपॉजिट मशीन में फंसे 11 हजार रुपए निकालने के लिए शिकायत करना भारी पड़ गया। बैंक में शिकायत करने के बाद उनके पास दो कॉल आए। जानकारी पूछी गई फिर उनके दो अलग-अलग बैंक खातों से 54 हजार रुपए निकल गए। घटना दो दिन पहले की है। पीड़ित ने शुक्रवार को क्राइम ब्रांच में शिकायत की है। पुलिस ने तत्काल केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। उपनगर ग्वालियर के सेवा नगर के रहने वाले अनिल पुनियानी पुत्र वजीरचंद्र पुनियानी मैरिज गार्डन संचालक है। दो दिन पहले बैंक ऑफ बडौदा फूलबाग 24 हजार रुपए जमा कराने के लिए आए थे। पहले उन्होंने छ्रस॥ डिपॉजिट मशीन में 13 हजार रुपए जमा किए। इसके बाद 11 हजार मशीन में डाले, तो रुपए तो अंदर चले गए, लेकिन मैसेज ट्रांजेक्शन फेल होने का आया। इस पर उन्होंने बैंक पहुंचकर शिकायत की। अगले ही दिन उनके पास कॉल आया। कॉलर ने खुद को बैंक अफसर बताकर बैंक अकाउंट की जानकारी मांगी।

### दो बैंक अकाउंट से निकले 54 हजार रुपए

मोबाइल पर कॉल आने पर मैरिज गार्डन संचालक ने कॉल बैंक का समझकर जानकारी दे दी। कुछ देर बाद उनके पास रुपए निकलने के मैसेज आने लगे। ठग ने उनके चालू खाते और बचत खाते में जमा 54 हजार 53 रुपए और 77 पैसे निकाल लिए।

### किसी से फ्रॉड के लिए भी उपयोग होने की आशंका

जब 54 हजार रुपए निकलने के मैसेज आने पर बैंक पहुंचकर व्यापारी ने स्टेटमेंट निकाला, तो पता लगा कि जानकारी लेने के बाद खाते में 1 लाख 68 हजार 997 रुपए जमा भी किए गए थे, जो कुछ ही देर बाद निकाल लिए गए। आशंका है कि उनकी डिटेल लेने के बाद ठग ने अन्य कहीं से ठगी गई रकम को ट्रांसफर कर निकालने के लिए उपयोग भी किया है।

## पंचकल्याणक महोत्सव दो फरवरी से, तैयारियां शुरू



**ग्वालियर।** फूलबाग मैदान पर दो फरवरी से मज्जिनेंद्र पंचकल्याणक विश्वशांति और गजरथ महोत्सव शुरू होगा। यह आयोजन विराग सागर महाराज व राष्ट्रसंत मुनिश्री विहर्ष सागर महाराज और मुनिश्री विजयेश सागर महाराज के साथ 60 साधु ससंघ के सानिध्य में होगा। इस महोत्सव की तैयारियां गुरुवार से शुरू हो चुकी हैं। इसे लेकर नईसड़क स्थित चंपाबाग धर्मशाला में मुनिश्री विहर्ष सागर महाराज के सानिध्य में मंगलाचरण कार्यक्रम हुआ। इसमें पंचकल्याणक महोत्सव के प्रमुख पात्रों का परिचय दे सम्मान समारोह आयोजित किया गया। शुभारंभ संगीतकार शुभम जैन सैमी ने मंगलचरण भजन, सोनल जैन, आयुषा जैन व अनामिका बाथम ने मगलचरण नृत्य की प्रस्तुती देकर किया। महोत्सव के प्रमुख पात्रों में सुनील जैन परिवार को सिंघई बनने का सौभाग्य प्राप्त हुआ। सौधर्म इंद्रा निहित सोनल जैन, कुबेर इंद्रा अनुराग श्वेता जैन, महायज्ञ मुकेश ममता जैन, रथ के सारथी अनिल दीपिका जैन, राजश्रेयांस विमल पूजा सिंघई परिवार, इंद्रा-इंद्राणि प्रकाशचंद विद्या जैन रहेंगे। पंचकल्याणक कमेटी के अध्यक्ष पद पर सिंघई महेश गुरु को नियुक्त किया गया। जैन समाज के प्रवक्ता सचिन जैन ने बताया कि सकल जैन समाज, ग्रेटर ग्वालियर व जैन मिलन, ग्वालियर के तत्वावधान में एक जनवरी को सुबह आठ बजे मुनिश्री विहर्ष सागर महाराज की उपस्थिति में महोत्सव को लेकर चर्चा की जाएगी। इसके बाद मुनिश्री धर्मसभा को संबोधित करेंगे।









### कचरा ठियों को साफ कर बनाया सुंदर, नागरिकों से की सहयोग की अपील

**ग्वालियर।** स्वच्छ ग्वलियर एवं सुंदर ग्वलियर के लिए नगर निगम द्वारा चलाए जा रहे अभियान के तहत निगम के स्वास्थ्य विभाग द्वारा आमजनों के सहयोग से निरंतर कचरा ठियों को समाप्त कर सुंदर स्थलों के रुप में परिवर्तित किया जा रहा है। जिसके तहत शहर के विभिन्न वार्डों में कचरा ठिया समाप्त कर रंगोल बनाई गई। नागरिकों द्वारा भी निगम द्वारा किए जा रहे सौंदर्यीकरण के कार्यों की सराहना की जा रही है तथा नागरिकों द्वारा भी सहयोग किया जा रहा है। नगर निगम आयुक्त श्री किशोर कन्याल के निर्देश पर उपायुक्त डा अतिबल सिंह यादव द्वारा निरंतर क्षेत्र में स्वच्छता की मॉनीटरिंग कर विभिन्न वार्डों में स्वच्छता के लिए नवाचार कराए जा रहे हैं जिसके तहत नाक चंदबदनी के पास 3 वार्डों को जोडने वाले पुल पर बने बडे कचरे ठिया को आज साफ कराकर सुंदर रंगोली बनाई गई तथा आमजनों से यहां कचरा न डालने की अपील की गई। उपायुक्त डा अतिबल सिंह यादव ने बताया कि वार्ड मॉनीटर श्री सुभाष गुप्ता एवं स्वच्छता अधिकारियों के मॉनीटरिंग में वार्ड 56, 57 एवं 59 को जोडने वाले नाका चंद्रवदनी के पुल के पास बने कचरा ठिया को सभी के सहयोग से समाप्त कर सौंदर्यीकरण किया जा रहा है।

स्वात्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक, एवं संपादक-भरत सिंह चौहान। पुष्पांजली प्रिंटर्स-गोवर्धन कॉलेनी, भिण्ड रोड, गोला का मंदिर, जिला ग्वालियर (म.प्र.) से मुद्रित एवं दीपू इलेक्ट्रोनिक्स, पंजीयन क्रमांक/ एम.पी.एच.आई.एन. /31130
नियर हनुमान मंदिर, गोवर्धन कॉलोनी, भिण्ड रोड, गोला का मंदिर, ग्वालियर (म.प्र.) से प्रकाशित। सम्पादक - भरत सिंह चौहान E-mail : pushpanjalitoday17@gmail.com 0751-4901333, M.: 8269307478